CMYK

इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेति, सर्वं स वेति" ।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक कुमार बुद्धदेव

पैसे बीमारी ठीक होने के बाद
उम्र की अधिकता और बीपी, शुगर से आई कमजोरी, मोटापा, लकवा, संतान न होना, नौजवानों की शारीरिक कमजोरी, धातु रोग, शीघ्र पतन, ईन्द्रीयों की समस्या, शुक्राणु की कमी, टायमिंग की कमी एवं गुप्त रोगों का विशेष आयुर्वेदिक पद्धति से इलाज किया जाता है। मनचाही शक्ति सफलता से प्राप्त करने हेतु संपर्क करें।
संजीवनी आयुर्वेदिक
न्यू बस स्टैण्ड, न्यू अंसारी होटल के बाजू से हाऊसिंग बोर्ड काम्पलेक्स, शॉप नं. U/82, राजनांदगांव (छ.ग.)
मो.नं.- 7566609039
हर दिन सु. 10 बजे से शाम 7 बजे तक

वर्ष- 44 अंक - 283 राजनांदगांव, सोमवार 01 सितम्बर 2025 पृष्ठ - 8 मूल्य - 4.00 रुपए

## पीएम मोदी ने चिनफिंग से बातचीत में उठाया पाक सीमा पार आतंकवाद का मुद्दा, चीन ने कहा- सहयोग के लिए तैयार



तियानजिन। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार यानी 31 अगस्त को तियानजिन में शंघाई सहयोग संगठन के नेताओं के शिखर सम्मेलन के अवसर पर पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना यानी चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने आतंकवाद और उससे उत्पन्न चुनौतियों का मुद्दा उठाया।

विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान के मुताबिक, दोनों नेताओं ने अक्तूबर 2024 में कजान में अपनी पिछली बैठक के बाद से द्विपक्षीय संबंधों में सकारात्मक गति और निरंतर प्रगति का स्वागत किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि दोनों देश विकास भागीदार हैं, प्रतिद्वंद्वी नहीं। उनके मतभेद विवादों में नहीं बदलने चाहिए। भारत-चीन और उनके 2.8 अरब लोगों के बीच आपसी सम्मान, आपसी हित और आपसी संवेदनशीलता के आधार पर एक स्थिर संबंध और सहयोग दोनों देशों की वृद्धि और विकास के साथ-साथ 21वीं सदी के रुझानों के अनुरूप एक बहुध्रुवीय विश्व और बहुध्रुवीय एशिया के लिए जरूरी है।

### सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने पर संतोष जताया

प्रधानमंत्री ने द्विपक्षीय संबंधों के निरंतर विकास के लिए सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द के महत्व पर जोर दिया। दोनों नेताओं ने पिछले वर्ष सफल सैन्य वापसी और उसके बाद से सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और सौहार्द बनाए रखने पर संतोष जताया। उन्होंने अपने समग्र द्विपक्षीय संबंधों और दोनों देशों के लोगों के दीर्घकालिक हितों के राजनीतिक परिप्रेक्ष्य से सीमा विवाद के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने इस महीने की शुरुआत में दोनों विशेष प्रतिनिधियों की ओर से अपनी वार्ता में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों को स्वीकार किया और उनके प्रयासों को और समर्थन देने पर सहमति व्यक्त की।

### कैलाश मानसरोवर यात्रा, सीधी उड़ान और वीजा सुविधा

दोनों नेताओं ने कैलाश मानसरोवर यात्रा और पर्यटक वीजा की बहाली के आधार पर सीधी उड़ानों और वीजा सुविधा के माध्यम से लोगों के बीच संबंधों को मजबूत करने की आवश्यकता पर ध्यान दिया। आर्थिक और व्यापारिक संबंधों के संदर्भ में उन्होंने विश्व व्यापार को स्थिर करने में अपनी दोनों अर्थव्यवस्थाओं की भूमिका को मान्यता दी। उन्होंने द्विपक्षीय व्यापार और निवेश संबंधों का विस्तार करने और (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## बाढ़-बारिश से भारी तबाही, हर पीड़ित का दर्द हमारा दर्द... मन की बात में भावुक हुए मोदी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज अपने रेडियो कार्यक्रम मन की बात के जरिए देशवासियों से संवाद कर रहे हैं। 2014 में शुरू हुए इस मासिक कार्यक्रम का आज 125वां एपिसोड है। पीएम मोदी वर्तमान में चीन में हैं, जहां वह स्ष्ह्ल समिट में भाग ले रहे हैं। यहां पीएम मोदी को लाइव सुन सकते हैं।

पिछले यानी 124वें एपिसोड में पीएम मोदी ने स्पेस, साइंस और स्पोर्ट्स से जुड़ी उपलब्धियों का जिक्र किया था। साथ ही उन्होंने भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला की वापसी का भी उल्लेख किया था। 'मन की बात' कार्यक्रम का सीधा प्रसारण आप आकाशवाणी, दूरदर्शन, DD News पर देख सकते हैं। इसके अलावा इसे पीएम मोदी के यूट्यूब चैनल, (शेष पृष्ठ 6 पर...)

### सीएम साय ने सुनी 'मन की बात' की 125वीं कड़ी, बोले- हर माह देती है नई प्रेरणा



रायपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' की 125वीं कड़ी का सीधा प्रसारण आज नवा रायपुर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद उद्योग एवं व्यापार परिसर के कन्वेंशन सेंटर में हुआ। इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खाद्य मंत्री दयालदास बघेल, उद्योग मंत्री लखन देवांगन, राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा, कौशल विकास एवं रोजगार मंत्री गुरु खुशवंत साहेब, विधायक इंद्र कुमार साहू, राज्य औद्योगिक विकास निगम के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि और नागरिक मौजूद रहे। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## पिथौरागढ़ में बड़ा हादसा: भूस्खलन से एनएचपीसी के पावर हाउस की टनल का मुहाना बंद



फंसे 19 कर्मचारियों को निकाला

धारचूला/पिथौरागढ़। उत्तराखंड के पिथौरागढ़ में बड़ा हादसा हो गया। पहाड़ी टूटने से धारचूला के ऐलागाड़ स्थित एनएचपीसी पावर हाउस की भूमिगत टनल का मुहाना बंद हो गया। टनल के मुहाने पर भारी मात्रा में मलबा और पत्थर जमा हो जाने से टनल के भीतर कार्यरत 19 कार्मिक फंस गए। गनीमत रही कि सभी कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षित निकाल लिया गया है।

जिलाधिकारी पिथौरागढ़ विनोद गोस्वामी ने बताया कि प्रशासन, एसडीआरएफ और बीआरओ की संयुक्त टीम ने लगातार प्रयास करते हुए सुरंग में फंसे सभी 19 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में भूस्खलन की घटनाओं पर लगातार निगरानी रखी जा रही है और सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार घटना शनिवार शाम को ऐलागाड़ की है। यहां पहाड़ी दरक गई थी। इससे भारी मात्रा में मलबा और बोल्डर एनएचपीसी की टनल के मुहाने पर जमा हो गए। इससे टनल में काम कर रहे 19 कार्मिक फंस गए। कार्मिकों के फंसे होने की सूचना मिलते ही युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य शुरू किया गया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## कैदी की फरारी पर भूपेश के सवाल : रायपुर जेलर बोले- मैन्युअल में बंदियों से काम लेने का है प्रावधान



रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के केंद्रीय जेल से एक सजायाफ्ता बंदी फरार हो गया है। इस मामले को लेकर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने आरोप लगाते हुए गृह मंत्री विजय शर्मा के इस्तीफे की मांग की थी। जिस पर जेल प्रशासन ने सफाई देते हुए बताया कि, अधीक्षक की अनुमति से बंदियों से बाहर काम करवाने का प्रावधान है। वर्ष 2023 में 16 हजार से अधिक बार बाहर काम कराया गया है। जेल मैन्युअल में बंदियों से काम लिए जाने का प्रावधान है। इसके लिए न्यायालय से अनुमति लेने की आवश्यकता नहीं है।

जेल प्रशासन ने जवाब देते हुए लिखा कि, जेल मैन्यूअल में जेल की दीवार के बाहर कैदियों को श्रम कार्य पर लगाये जाने का प्रावधान है। इसकी इजाजत देने का अधिकार जेल अधीक्षक के पास है। इस कार्य के लिए माननीय न्यायालय की अनुमति की आवश्यकता नहीं है। 2023 में 16020 बार बंदियों को केन्द्रीय जेल, रायपुर की दीवार के बाहर श्रम कार्य हेतु निकाला गया था। भारत की सभी जेलों में श्रम कार्य के लिए कैदियों को जेल अधीक्षक की अनुमति उपरांत जेल से बाहर निकाला जाता है। बंदियों से नियमानुसार जेल परिसर में श्रम कार्य कराने की कार्यवाही मध्यप्रदेश शासनकाल से ही प्रचलन में है। यह कोई नई प्रथा नहीं है।

### काम के दौरान हुआ फरार

उन्होने आगे कहा कि, केन्द्रीय जेल, रायपुर परिसर में स्थित क्वार्टर के पास पीछे के क्षतिग्रस्त गेट को, जो केन्द्रीय जेल रायपुर की सम्पत्ति है तथा परिसर के भीतर स्थित है, के श्रम कार्य हेतु दिनांक 21.08.2025 को लोहार प्रशिक्षक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 9 सितंबर को उपराष्ट्रपति चुनाव, मतदान से पहले पीएम ने एनडीए सांसदों को डिनर पर बुलाया



नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को मतदान होना है. मतदान से ठीक एक दिन पहले आठ सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनडीए के सभी सांसदों को डिनर पर बुलाया है. इसके जरिए एनडीए की एकजुटता और मजबूती का संदेश दिया जाएगा. इस चुनाव के लिए एनडीए ने महाराष्ट्र के राज्यपाल और तमिलनाडु के वरिष्ठ नेता सीपी राधाकृष्णन को उम्मीदवार बनाया है और उनकी जीत लगभग तय मानी जा रही है.

एनडीए ने अपने उम्मीदवार को जीत दिलाने के लिए विशेष तैयारी की है. इसके लिए सांसदों को तीन दिनों तक प्रशिक्षित किया जाएगा. इसके लिए सभी एनडीए सांसदों को छह से आठ सितंबर तक दिल्ली में रहना होगा. प्रशिक्षण शिविर में अन्य बातों के अलावा यह भी बता जाएगा कि मतदान कैसे करना है. उपराष्ट्रपति चुनाव में गुप्त मतदान होता है और व्हिप लागू नहीं होता है. ऐसे में एनडीए यह सुनिश्चित करना चाहती है कि वोट डालने में कोई खामी न रहे. एनडीए की कोशिश है कि राधाकृष्णन बड़े अंतर से उपराष्ट्रपति पद का चुनाव जीतें. इसके लिए ऐसे विपक्षी दलों से संपर्क किया गया है, जो इंडिया गठबंधन में नहीं हैं. उम्मीद की जा रही है कि बीजेडी, वायएसआरसीपी और बीआरएस जैसे दलों का एनडीए उम्मीदवार को समर्थन मिल सकता है. भारत के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने स्वास्थ्य कारणों का हवाला देते हुए संसद के मानसून सत्र के पहले दिन 21 जुलाई को उपराष्ट्रपति पद से इस्तीफा दे दिया था.

## वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के दावों का खंडन कर बोले चुनाव अधिकारी, लोगों के नाम, उम्र और माता-पिता के नाम समान होना आम बात



नई दिल्ली। बिहार के मुख्य चुनाव अधिकारी ने वोटर लिस्ट में गड़बड़ी वाली रिपोर्ट का खंडन करते हुए कहा कि लोगों के नाम, उम्र और माता-पिता के नाम समान होना आम बात है।

बिहार के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने ड्राफ्ट लिस्ट में गड़बड़ी बताने वाली मीडिया रिपोर्ट का खंडन किया है। उन्होंने कहा कि ये रिपोर्ट अटकलों पर आधारित हैं और इन्हें जल्दीबाजी में पेश किया जा रहा है। ये रिपोर्ट मतदाता सूची प्रबंधन को नियंत्रित करने वाले कानूनी ढांचे के विपरीत हैं। एक्स पर एक पोस्ट में, बिहार के सीईओ ने कहा कि एसआईआर जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 और मतदाता पंजीकरण नियम, 1960 के तहत किया जाने वाला एक वैधानिक कार्य है।

बिहार के सीईओ ने जोर देकर कहा कि वर्तमान मसौदा सूची अंतिम नहीं है। पोस्ट में लिखा है, ÷ये स्पष्ट रूप से सार्वजनिक जांच के लिए है और मतदाताओं, राजनीतिक दलों और अन्य सभी हितधारकों से दावे और आपत्तियां आमंत्रित करते हैं। मसौदा चरण में किसी भी कथित दोहराव को अंतिम त्रुटि या अवैध समावेशन नहीं माना जा सकता, क्योंकि कानून दावों/आपत्तियों की अवधि और उसके बाद निर्वाचन पंजीकरण अधिकारियों (ईआरओ) द्वारा सत्यापन के माध्यम से समाधान प्रदान करता है।

### लोगों के नाम और उम्र समान होना आम बात

मीडिया रिपोर्ट में 67,826 डुप्लीकेट वोटर दिखाए गए हैं। इस पर सीईओ ने कहा कि लोगों के नाम और उनकी अन्य जानकारियों का मिलान करके यह आंकड़ा पेश किया गया है। हर क्षेत्र के लोगों के दस्तावेजों का मिलान किए बिना इन्हें डुप्लीकेट वोटर नहीं कहा जा सकता। उन्होंने कहा कि बिहार के ग्रामीण क्षेत्रों में, कई व्यक्तियों के नाम, माता-पिता के नाम और यहां तक कि समान आयु होना आम बात है। सुप्रीम कोर्ट ने क्षेत्रीय जांच के बिना ऐसी समानताओं को सही प्रमाण नहीं माना है।

### बूथ स्तर पर जांच के बाद काटे जाते हैं नाम

बिहार के सीईओ ने आगे कहा कि ड्राफ्ट लिस्ट में जिन गड़बड़ियों की शिकायत मिली है। उनकी जांच की जा रही है और इस दौरान उन्हें चुनौती दी जा सकती है। सभी लोग अपनी आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं और आवश्यक (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## ऑस्ट्रेलिया में जोरदार प्रदर्शन, भारतीयों समेत प्रवासियों के खिलाफ सड़क पर उतरे हजारों लोग




नई दिल्ली। ऑस्ट्रेलिया के कई शहरों में रविवार को हजारों लोगों ने इमिग्रेशन के खिलाफ रैलियां निकालीं। मार्च फॉर ऑस्ट्रेलिया नाम से हुई इन रैलियों में प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बड़े पैमाने पर हो रही आव्रजन से देश के संसाधनों पर दबाव बढ़ रहा है। सरकार ने इन रैलियों की कड़ी आलोचना की और इन्हें समाज को बांटने वाला कदम बताया। लेबर पार्टी सरकार का कहना है कि ये प्रदर्शन वास्तव में नफरत फैलाने के लिए किए जा रहे हैं और इनका संबंध नियो-नाजी संगठनों से है।

### भारतीयों के खिलाफ लिखा था पर्चा

रैली के दौरान एक पर्चे पर लिखा था, पांच साल में जितने भारतीय आए हैं उतने तो 100 साल में ग्रीक और इटालियन भी नहीं आए। यह सिर्फ एक देश से आए हैं जिसके बारे में हम जानते हैं कि प्रवास का सांस्कृतिक प्रभाव पड़ता है। रैली के आयोजकों का कहना है कि उनका मकसद देश की संस्कृचि, रोजगार, आवास, अस्पताल, ट्रैफिक और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर लोगों की परेशानी को उजागर करना है। बता दें, ऑस्ट्रेलिया में पहले से ही नियो-नाजी प्रतीकों और सलामी पर रोक लगाने वाले कानून लागू किए जा चुके हैं। सरकार का कहना है कि ये रैलियां उन्हीं चरमपंथी ताकतों से जुड़ी है, जिन्होंने अतीत में यहूदी समुदाय और इमारतों पर हमले किए थे।

### कितने लोग रैली में हुए शामिल

सिडनी में करीब 5 हजार से 8 हजार लोग ऑस्ट्रेलिया झंडा लहराते हुए रैली में शामिल हुए। यहां एक काउंटर-प्रोटेस्ट भी हुआ, जिसे रिफ्यूजी एक्शन कोएलेशन ने आयोजित किया। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है - नितिन गडकरी



नागपुर। अक्सर अपने भाषण को लेकर चर्चा में रहने वाले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एक बार फिर नेताओं को लेकर जो बयान दिया है, उसकी काफी चर्चा हो रही है। नितिन गडकरी ने कहा, जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है।

### कहां कही ये बात?

नितिन गडकरी ने नागपुर में अखिल भारतीय महानुभाव परिषद में बोलते हुए ये बात कही। उन्होंने कहा, बोलना आसान है, करना कठिन है, मैं अधिकारी नहीं हूं लेकिन मैं इसकी अनुभूति करता हूं, क्योंकि मैं जिस क्षेत्र में काम करता हूं, वहां मन से सच बोलने पर मनाही है।

नितिन गडकरी ने कहा, वहा हौसे, नवसे, गवसे (ये मराठी की कहावत है) सब लोग है, और जो लोगों को सबसे अच्छा मूर्ख बना सकता है, वो ही सबसे अच्छा नेता हो सकता है। उन्होंने कहा, एक बात सच है। भगवान श्रीकृष्ण ने लिख कर रखा है, श्रीमद्भगवद्गीता में लिखा है कि अंतिम विजय यहां सत्य की होती है। नितिन गडकरी ने कहा, कोई चीज प्राप्त करने के लिए शॉर्टकट है, शॉर्टकट से आदमी जल्दी पहुंचता है..नियम तोड़कर रास्ता क्रॉस करना है तो लाल सिग्नल हो, या फिर छलांग लगाकर जा सकते हैं लेकिन एक फिलॉसफर ने कहा है कि शॉर्टकट कट यू शॉर्ट। इसीलिए हमने होनेस्टी, क्रेडिबिलिटी, समर्पित भाव, सत्य यह जो वैल्यूज हैं, इन सब का समाज में महत्व है।

बता दें कि नितिन गडकरी बीजेपी में एक ऐसे नेता हैं, जो अपने खुले अंदाज के लिए जाने जाते हैं। उन्हें जो बात कहनी होती है, वह साफ और सीधे तरीके से जनता के सामने कह देते हैं। उनका कहना है कि मैं काम करता हूं, अगर आप लोगों को अच्छा लगे तो मुझे वोट करना, नहीं तो मत करना। उनके स्वभाव की वजह से ही उनके खिलाफ विपक्षी नेता भी कम ही बयान देते हैं।

## ट्रम्प का जापान पर अमेरिकी चावल खरीदने का दबाव: नाराज जापानी डेलीगेशन ने दौरा रद्द किया



भारत पर भी मांसाहारी दूध खरीदने का दबाव था

टोक्यो। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प जापान पर अमेरिकी चावल के लिए बाजार खोलने का दबाव बना रहे हैं। इस वजह से जापान के मुख्य वार्ताकार रयोसेई अकाजावा ने अमेरिका दौरा रद्द कर दिया है।

निक्केई एशिया की रिपोर्ट के मुताबिक, अकाजावा 28 अगस्त को वॉशिंगटन डीसी का दौरा करने वाले थे, लेकिन ट्रम्प के अमेरिकी चावल खरीदने के दबाव के बाद उन्हें यह यात्रा रद्द करनी पड़ी।

अमेरिका ने इसी तरह का दबाव भारत पर भी बनाया था। अमेरिका चाहता था कि भारत उनकी मांसाहारी गायों का दूध खरीदे। साथ ही उनके किसानों के लिए भारत अपना मार्केट ओपन करे। लेकिन भारत ने इससे साफ इनकार कर दिया था। इससे बाद अमेरिका ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया था, जो बाद में बढ़कर 50 प्रतिशत तक पहुंच गया।

अमेरिका-जापान में कुछ मुद्दों पर अभी सहमति नहीं बन पाई है, इस वजह से जापानी वार्ताकार रयोसेई अकाजावा का अमेरिका दौरा रद्द हो गया। अमेरिका-जापान में कुछ मुद्दों पर अभी सहमति नहीं बन पाई है, इस वजह से जापानी वार्ताकार रयोसेई अकाजावा का अमेरिका दौरा रद्द हो गया।

### अमेरिका से टैरिफ घटने की उम्मीद नहीं, इसलिए यात्रा रद्द

निक्की एशिया के मुताबिक अकाजावा चाहते थे कि उनकी यात्रा से अमेरिका से यह लिखित वादा मिल जाए कि जापानी उत्पादों पर टैरिफ घटेगा, लेकिन जब यह साफ हो गया कि ऐसा नहीं होगा, तो उन्होंने यात्रा रद्द कर दी।

कई सरकारी अधिकारियों ने निक्केई एशिया से कहा कि ट्रम्प ने जापान पर दबाव डालकर पहले उससे टैरिफ कम कराया और फिर कृषि उत्पादों का आयात बढ़ाने की शर्त रखी। इसके बदले में जापान को उम्मीद थी कि अमेरिका ऑटोमोबाइल पर टैरिफ का बोझ कम करेगा, लेकिन ट्रम्प की तरफ से इसे लेकर कोई ठोस भरोसा नहीं मिला। जापान का कहना है कि अमेरिका का रवैया उसकी घरेलू नीतियों में हस्तक्षेप है। अकाजावा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि अभी कई मुद्दे ऐसे हैं (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## दिल्ली-इंदौर फ्लाइट के इंजन में लगी आग, यात्रियों में हड़कंप




विमान की इमरजेंसी लैंडिंग

नई दिल्ली। इंदौर जा रही एयर इंडिया की फ्लाइट को अचानक बीच आसमान से दिल्ली लौटना पड़ा। टेकऑफ के कुछ ही देर बाद विमान के राइट इंजन में फायर इंडिकेशन मिला, जिसके बाद पायलट ने तुरंत इंजन बंद कर दिया और स्टैंडर्ड सेफ्टी प्रोसीजर फॉलो करते हुए विमान को सुरक्षित दिल्ली एयरपोर्ट पर उतार दिया। राहत की बात यह रही कि सभी यात्री पूरी तरह सुरक्षित हैं। एयर इंडिया की ओर से जारी बयान में कहा गया कि 31 अगस्त को फ्लाइट नंबर AI2913 दिल्ली से इंदौर के लिए रवाना हुई थी, लेकिन उड़ान भरने के कुछ ही मिनट बाद कॉकपिट क्रू को इंजन में गड़बड़ी का अलर्ट मिला। विमान को तुरंत वापस दिल्ली लाया गया और सुरक्षित लैंड कराया गया। फिलहाल विमान को ग्राउंड कर दिया गया है और टेक्निकल टीम जांच कर रही है। यात्रियों को दूसरी फ्लाइट से इंदौर भेजा जा रहा है। एयर इंडिया ने बताया कि इस घटना की जानकारी एयर सेफ्टी रेगुलेटर छ्वत्रष्ट को भी दे दी गई है। इससे पहले 22 अगस्त को मुंबई से जोधपुर जाने वाली एयर इंडिया फ्लाइट AI645 ने भी टेकऑफ कैंसिल कर दिया था।

CMYK

## पहला कॉलम...

### अग्निवीर नौ-सेना के लिए चयनित हुई पारीकला की बेटी नंदनी साहू



राजनांदगांव (दावा)। निकटस्थ ग्राम पारीकला की बेटी नंदनी साहू का चयन अग्नि वीर नौ-सेना में हुआ है। संतोष साहू की पुत्री नंदनी साहू का चयन अग्निवीर नौसेना में होने से ग्राम में हर्ष का माहौल बना हुआ है। ग्रामवासियों ने अग्निवीर नंदना साहू के ग्राम लौटने पर भव्य स्वागत किया गया। ग्राम के शीतल साहू ने बताया कि रविवार को विशाखापत्तनम से ट्रेनिंग पास करके गांव लौटी नंदना साहू का ग्रामवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। अग्निवीर सुश्री नंदना का स्वागत पंचायत के प्रतिनिधि और ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी व सदस्यगण उनके घर पहुंचकर किया ।इस अवसर पर ग्राम के सरपंच कामनी अंबिलकर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष रोहित सार्वा ग्राम पटेल ज्ञानदास मानिकपुरी, सेवानिवृत शिक्षक दिनेश कुमार साहू सरपंच प्रतिनिधि अरुण अंबिलकर पंच गण नोहर साहू मनीष साहू विनोद साहू अन्य पंच गण साथ ही ग्राम के देवीलाल सोनकर शीतल साहू विष्णु साहू रेखा लाल साहू अशोक साहू गेंदलाल साहू झग्गर साहू ताराचंद टंडन सहित नंदना साहू के घर परिवार के लोग मौजूद थे ।

### शासकीय जिला चिकित्सालय के माईनर ओटी ड्रेसर ग्रेड 1 के पद पर कार्यरत शंकर यादव को भावपूर्ण विदाई



राजनांदगांव (दावा)। शासकीय जिला चिकित्सालय के माईनर ओटी में कार्यरत ड्रेसर ग्रेड 1 के पद पर कार्यरत शंकर यादव के सेवानिवृत होने पर अस्पताल प्रबंधन के ओटी स्टॉफ द्वारा भावपूर्ण विदाई का कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजन के दौरान समस्त माइनर ओटी स्टॉफ मौजूद थे। शंकर यादव का कार्यकाल अन्य स्टॉफ के लिए मरीजों के प्रति अपार संवेदनाओं को प्रविष्ट करता है। शंकर यादव को शॉल और श्रीफल देकर सम्मानित किया गया।

### आज दिव्य-भव्य अलौकिक महाआरती बाल रत्न मंच सेवा समिति गणेशोत्सव में

राजनांदगांव (दावा)। बाल रत्न मंच सेवा समिति रामाधीन मार्ग गणेश उत्सव सेवा में समर्पित अध्यक्ष रोहित शर्मा के कुशल नेतृत्व व मार्गदर्शन में प्रथम पूज्य भगवान गणपति का अभिषेक और महापूजा का गहरा धार्मिक महत्व है, जिसके माध्यम से भक्त भगवान को प्रसन्न करते है और मनोकामना पूर्ण करते है व आध्यात्मिक पूर्ण करते है यह अनुष्ठान अहंकार और पापों का नाश कर मानसिक शांति, स्वास्थ्य, समृद्धि और आत्मा की शुद्धि का प्रतीक है। यह पूजा व्यक्ति को ब्रम्हाण्ड की सर्वव्यापि ऊर्जा से जोडती है अभिषेक और महापूजा न केवल एक धार्मिक कर्म-काण्ड है बल्कि यह आत्मा को शुद्ध करने और दोषों को दूर करने का माध्यम है। गणपति आनंद उमंग महोत्सव में भाद्रपद शुक्ल नवमी, 1 सितंबर, सोमवार, समय-संध्या 6 बजे (गोधुली बेला में) प्रथम पूज्य भगवान गणपति का विश्व कल्याण संकल्प के साथ महाअभिषेक एवं महापूजा के आयोजन में विभिन्न प्रकार के द्रव्य दूध-दही, घी, शक्कर, शहद, बेर पत्र, दुर्वा, गन्ना रस, समी पत्र, बेल पत्र इत्यादि से भगवान गणपति का भव्य अभिषेक, भव्य आकर्षक श्रृंगार एवं ढोल नगाड़ों की थाप पर किया जायेगा।

### कल आकाशवाणी से कवि/साहित्यकार कोशा की कविताओं का प्रसारण



राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के अध्यक्ष व राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक वरिष्ठ कवि साहित्यकार आत्माराम कोशा के कविताओं का प्रसारण कल सुबह आकाशवाणी रायपुर में किया जाएगा। मंगलवार 2 सितंबर की सुबह 8:30 बजे प्रसारित होने वाले कोशा जी की कविताओं की रिकार्डिंग गत दिनों कार्यक्रम अधिशासी भाई महेंद्र साहू द्वारा समन्वित कार्यक्रम में मोर भुइयां के तहत किया गया। छत्तीसगढ़ साहित्य समिति के सचिव मानसिंह मौलिक ने बताया कि मोर भुइयां के उक्त समन्वित कार्यक्रम में श्री कोशा की कविताओं सहित छत्तीसगढ़ी भाषा साहित्य व संस्कृति पर अशोक नारायण बंजारा तथा रामनाथ साहू द्वारा कहीं जायेगी।









# संस्कारधानी में गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा के 90 साल हुए पूरे

## बाल समाज से प्रारंभ हुई थी शहर में गणेशोत्सव पर्व की परंपरा









राजनांदगांव (दावा)। रिसायतकालीन राजनांदगांव एक छोटा सा कस्बा था लेकिन यहां के प्रजा हितैषी व दानवीर राजाओं ने इस शहर की गरिमा में वृद्धि व रोजगार व्यवसाय की उन्नति के लिए जब नागपुर के कामठी से वहां के व्यवसायियों को शहर के एक मुख्य लाईन में महज कुछ रुपए और एक नारियल लेकर बसाया तो नगर के व्यापारियों की व्यवसाय में उत्तरोत्तर वृद्धि होती चली गई। आज शहर का वह मुख्य लाईन कामठी लाइन कहा जा रहा है। इसी तरह गंज लाइन में भी महाराष्ट्र क्षेत्र के कुछ व्यवसायी भी आकर बसे। चूंकि महाराष्ट्र में भगवान श्रीगणेश वृहद रुप में पूजे जाते हैं। इसलिए राजनांदगांव शहर में बसे व्यवसायियों द्वारा शहर में गणेशोत्सव की परंपरा शुरु की और सर्वप्रथम सन् 1936 में गंज लाइन के कोकड़ा मारवाड़ी मंदिर में बाल समाज गणेशोत्सव समिति का गठन कर गणेशोत्सव पर्व मनाने की नींव डाली। यह परंपरा संस्कारधानी नगरी की गौरवशाली गणेशोत्सव परंपरा के रुप में जानी जाती है।

बाल समाज के अध्यक्ष रहे सूर्यकांत चितलांग्या ने बताया कि उनके अध्यक्षीय कार्यकाल में कुछ सालों तक दिन गणेश विसर्जन झांकी निकाली जाती थी बाद में चकमक-जगमक लाइट के उजाले में बाजे-गाजे के साथ रात में विसर्जन झांकी निकालना प्रारंभ किया गया।

### सार्वजनिक रुप से गणेश रखने की परंपरा

इस परंपरा के सूत्रधार स्वतंत्रता संग्राम सेनानी नरसिंह दास चितलांग्या जी थे। शहर में सार्वजनिक रूप से श्रीगणेश प्रतिमा रखने की शुरुआत सन 1940 में तिरंगा चौक गंज लाइन स्थित शंकर भवन से हुई। इसके बाद कामठी लाइन में सुमति मंडल गणेशोत्सव समिति अस्तित्व में आया। लघु मंडल बने, इधर गुड़ाखू लाइन में नवयुवक मंडल बने। फिर धीरे-धीरे अन्य गणेशोत्सव समितियां व मंडल अस्तित्व में आते चले गए।

बाल समाज में राधाकिशन अग्रवाल लादु भैया हुआ करते थे। जिनका मुरमुरा भट्ठा लखोली नाका क्षेत्र में हुआ करता था। भट्ठा का काम देखने लखोली नाका उनका आना-जाना बना रहता था। लखोली नाका के कुछ खास लोगों, इतवारी यादव, बच्चालाल काछी, झाड़ू सोनकर, धनुक सोनकर, हीरामन कोशा, शंकरलाल सोनकर आदि से चर्चा कर उन्होंने बाल समाज मित्र मंडल का गठन कर लखोली नाका चौक में भगवान गणेश प्रतिमा रखने की शुरुआत की। तब से शहर में गणेशोत्सव रखने की परंपरा चली आ रही है।

### बाल गंगाधर तिलक का बाल समाज

ब्रिटिश काल में भारतीयों पर बहुत जुल्म हो रहा था। भारत के धन- वैभव अंग्रेज लूट-लूट कर अपने देश ले जा रहे थे। जिसका विरोध होना शुरू हुआ।

अंग्रेज इस विरोध को कुचलने लोगों को एक स्थान में एकत्रित नहीं होने देते थे। महाराष्ट्र के सुप्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बाल गंगाधर 'तिलक' ने इसकी काट निकाली और भादों मास में विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश की जन्मोत्सव के दिन सन् 1893 में गणेशोत्सव पर्व की शुरुआत पूणे से की। इस धार्मिक पर्व के बहाने भगवान श्रीगणेश की पूजा अर्चना के लिए लोगों को एकत्रित होने का मौका मिलता था।

तिलक जी ने इस पर्व के माध्यम से लोगों के दिलों में देश प्रेम व राष्ट्र भक्ति जगाने का काम किया। एक मायनों में देखा जाए तो यह पर्व लोक जागरण के लिए अलख जगाने का एक जरिया बना। तब से लेकर यह गणेशोत्सव परंपरा देश को मिली आजादी के बाद भी बनी हुई है।

राजनांदगांव में आकर बसने वाले महाराष्ट्र के थे। इसलिए बाल गंगाधर तिलक जी की उक्त परंपरा की स्थापना राजनांदगांव शहर में भी की गई। चूंकि महाराष्ट्र में गणेशोत्सव परंपरा की शुरुआत लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक द्वारा की गई है, इसलिए संभवतः राजनांदगांव में स्थापित इस परंपरा की शुरुआत करने वालों द्वारा बाल गंगाधर तिलक के 'बाल' शब्द को लेकर उक्त गणेशोत्सव समिति का नाम बाल समाज रखा गया और गंज चौक से लोहार पारा जाने वाले मार्ग का नाम तिलक मार्ग अस्तित्व में आया।

### रामाधीन मार्ग में गणेशोत्सव पर्व की शुरुआत

हालांकि शहर में बहुत सी गणेशोत्सव समितियां है। इन समितियों में एक नाम रामाधीन मार्ग की एक गणेश उत्सव समिति का भी है, जिसकी शुरुआत अंकित बाफना द्वारा की गई। वर्तमान में इसके संरक्षक अशोक बाफना व आशीष मिश्रा है। बता दें कि यहां परमहंस दुर्गोत्सव की धूम रहती है। शहर में दुर्गा रखने की परंपरा पश्चिम बंगाल से आई है। रेल्वे स्टेशन में बंगाली भाईयों द्वारा सबसे पहले दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई। क्वांर नवरात्रि के समय शहर में दुर्गोत्सव की धूम रहती है। बताया गया कि रामाधीन मार्ग की उक्त गणेशोत्सव समिति द्वारा तीन जीप में भव्य गणेश विसर्जन झांकी निकाली जाएगी, जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

## गुजराती स्कूल में विविध कार्यक्रमों का किया गया आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। शहर में 1957 से संचालित अग्रणी संस्था गुजराती राष्ट्रीय अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम स्कूल में दिनांक 30 अगस्त दिन शनिवार को बच्चों को मनराज होंडा के सदस्य द्वारा यातायात के नियमों तथा सड़क सुरक्षा के नियमों से अवगत कराया गया। साथ ही फिल्म के माध्यम से बच्चों को सड़क पार करते समय तथा सड़कों पर चलते समय किन नियमों तथा किन सावधानी को ध्यान में रखना चाहिए, इसकी जानकारी प्रदान की गई। इस यातायात सुरक्षा में कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। साथ ही टाटा बिल्डिंग द्वारा शाला में निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा छठवीं से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंध प्रतियोगिता का विषय 'आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए कोई पांच कार्य करूंगा या करूंगी' था। वह शाला में पालकों की बैठक रखी गई जिसमें पालकों को बच्चों की बेहतर शिक्षा पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में शाला के अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सीए रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, संस्था के सदस्यगण सूरज बुद्धदेव, गौरव ठक्कर, पीयूष पटेल, अनिल पटेल आदि द्वारा बच्चों को यातायात तथा शाला में हो रहे विभिन्न कार्यक्रमों पर बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने हेतु प्रेरणा दी गई। इस कार्यक्रम में शाला की प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला, उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं सम्मिलित थे।

## बेटियों को आत्मनिर्भर बनाने की ओर मजबूत कदम - कोमल सिंह राजपूत

### ग्राम गठुला के साइकिल वितरण कार्यक्रम संपन्न



राजनांदगांव (दावा)। ग्राम गठुला स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला में सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत छात्राओं को साइकिल वितरित की गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत उपस्थित रहे।

उन्होंने छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह के अथक प्रयासों से यह योजना धरातल पर उतर रही है जिससे ग्रामीण अंचल की बेटियों को शिक्षा के मार्ग में आने वाली दूरी की समस्या से निजात मिल रही है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि यह पहल केवल साइकिल वितरण तक सीमित नहीं है बल्कि इसका उद्देश्य बेटियों को शिक्षा की राह पर प्रोत्साहित करना उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना है। यह प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। उन्होंने कहा कि साइकिल मिलने से छात्राओं को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।

## तोरणकट्टा में शराब बेचने वालों पर 31 हजार रु. दंड, बताने वाले को 11000 ईनाम



राजनांदगांव (दावा)। जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर बसा सोमनी थाना अंतर्गत आने वाला ग्राम तोरणकट्टा में आमसभा का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वसमाज के सदस्यों द्वारा गांव में शराबबंदी, जुआ-सट्टा पर प्रतिबंध एवं छोटे बच्चों को दुकान से गुटका पाउच देने पर प्रतिबंध किया गया एवं सार्वजनिक स्थानों में शराब पीने, गांजा पीने एवं पिलाने वालों या बेचने वालों के खिलाफ दंड का प्रावधान किया गया। जुए सट्टे के साथ आजकल के बच्चों द्वारा मोबाइल में बच्चों का जो लत लगी है उसके संबंध में भी दंड का प्रावधान किया गया है।

गांव में कड़ाई के साथ पालन के लिए विभिन्न नियम बनाए गए है, जिसमें शराब पीने वाले को 5000 रूपये दंड, शराब पीने वाले की जानकारी बताने वाले को 2000 इनाम दिया जाएगा। शराब गांजा बेचने वाले को 31000 बताने वाले को 5100 इनाम दिया जाएगा और आरोपी अपना दंड स्वीकार नहीं करता है, तो डबल चार्ज दंड लिया जाएगा। शराब, गांजा पीकर गाली गलौच करना, अभद्र व्यवहार व घर में भी गाली गलौज करने वाले को 5100 दंड लिया जाएगा। शराब गांजा पीकर गाली गलौज करने के संबंध में बताने वाले को 1100 इनाम दिया जाएगा। गांव में सट्टा जुआं खेलने वाले को आदमी पीछे 31000 दंड, बताने वालों को 11000 इनाम दिया जाएगा। जिसके यहां मेहमान या रिश्तेदार आता है और शराब गांजा पीकर गाली गलौज करता है और अभद्र व्यवहार करता है तो 5000 दंड और बताने वाले को 1100 इनाम दिया जाएगा।

त्यौहार के समय व कोई भी आयोजन के समय गाली-गलौज और मारपीट करने वाले को व गुट बनाने को प्रति व्यक्ति 11000 का दंड बताने वाले को 2000 ईनाम दिया जाएगा। दुकान में खुला डिस्पोजल गिलास बेचना और खरीदना मना है लेने व बेचने वाले को 5000 दंड, बताने वाले को 2000 ईनाम। रात 11 बजे तक कोई भी व्यक्ति घूमते हुए व मोबाइल चलाते हुए पाया गया तो प्रति व्यक्ति 5000 दंड और बताने वाले को 2000 इनाम दिया जाएगा। 15 साल के बच्चों को कम उम्र के बच्चों को गुटखा देना मना है अगर 15 साल के बच्चों को दुकानदार गुटका और पाउच बेचता है तो दुकानदार के ऊपर 5000 दंड लिया जाएगा, खरीदने वाले के ऊपर 2000 दंड लिया जाएगा।

मोबाइल गेम खेलने वाले व्यक्ति को व बच्चों के परिवार को 5000 रूपये का आर्थिक दंड लिया जाएगा, बताने सूचना वाले को उचित इनाम 2000 रूपये दंड लिया जाएगा। इस बैठक में उपसरपंच रेखलाल साहू, शरद साहू, मुकेश साहू, औरान साहू, पिलेश्वर साहू एवं सरपंच प्रतिनिधि जनक ठाकुर एवं विद्यादास साहू, गौतम ठाकुर सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### प्रदेश में कई जिलों में अलर्ट, 2 से 5 सितंबर तक झमाझम बारिश के आसार

रायपुर। छत्तीसगढ़ में मौसम ने करवट ले ली है। राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में सुबह जोरदार बारिश हुई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से बड़ी राहत मिली है। वहीं मौसम विभाग ने अगले कुछ घंटों और आने वाले दिनों के लिए तेज हवाओं व बारिश का अलर्ट जारी किया है।

मौसम विभाग के अनुसार कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश के साथ गरज-चमक की संभावना है। 1 सितंबर को भी कहीं-कहीं मेघगर्जन और वज्रपात के आसार हैं। वहीं 2 से 5 सितंबर तक व्यापक और भारी वर्षा हो सकती है। खासतौर पर उत्तर छत्तीसगढ़ में संभावना है।


न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़,
जिला-राजनांदगांव (छ.ग.)

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र202507090100016
अ/21 वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री प्रभुराम गोड़ आ. जेठूराम गोड़ जाति गोड़ निवासी ग्राम उरईडबरी, चिचोलाटोला गांव, जिला राजनांदगांव द्वारा स्वयं के एकल स्वामित्व की ग्राम घोटिया, प.ह.नं. 01, रा.नि.मं. डोंगरगढ़, तहसील डोंगरगढ़ स्थित भूमि खसरा नं. 26/2 रकबा 5.00 एकड़ को मकान निर्माण, बच्चों की उच्च शिक्षा हेतु भू- राजस्व संहिता की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र मय दस्तावेज माननीय कलेक्टर महोदय राजनांदगांव के समक्ष प्रस्तुत किया है जो अनुविभागीय अधिकारी राजस्व डोंगरगढ़ के माध्यम से इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। अतएव उपरोक्तानुसार आवेदित भूमि गैर आदिवासी को विक्रय करने की अनुमति आवेदक को दी जाने में किसी को कोई दावा व आपत्ति हो तो, वे अपना दावा आपत्ति ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 15.09.2025 के पूर्व इस न्यायालय प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार आज दिनांक 28.08.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**डोंगरगढ़ (छ.ग.)**


## उत्तर मंडल के 24 वार्डों में गूंजी मन की बात, भाजपा ने दिखाई संगठन शक्ति



### विपक्ष अब भी 'मन की बात' सुनने को तरसा

राजनांदगांव (दावा)। जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के मार्गदर्शन एवं निर्देश पर एवं उत्तर मण्डल अध्यक्ष सुमीत सिंह भाटिया के नेतृत्व में भाजपा उत्तर मंडल ने आज 24 वार्डों में से 23 वार्डो में मन की बात का 125वां संस्करण का सीधा प्रसारण का आयोजन कर, यह साबित कर दिया कि जनता के दिलों में आज भी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात सबसे महत्वपूर्ण है। वार्ड क्रमांक 05 और 06 में मुख्य अतिथि के रूप में नगर के लोकप्रिय महापौर 'मधुसूदन यादव' शामिल हुए। अन्य वार्डों में भी सम्मानित अतिथियों ने शिरकत कर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। पूरे आयोजन ने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा कार्यकर्ताओं का जज़्बा और जनता का विश्वास अटूट है। जहाँ एक ओर कांग्रेस और विपक्ष जनता से कटकर 'अपनी ही मन की बात' करने में व्यस्त है, वहीं भाजपा कार्यकर्ता प्रधानमंत्री की मन की बात को घर-घर तक पहुँचा रहे हैं।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में इंटरस्कूल लिटरेरी फेस्ट का हुआ भव्य आयोजन




राजनांदगांव(दावा)। दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव में इंटरस्कूल लिटरेरी फेस्ट का शानदार आयोजन किया गया। जिसमें न केवल डीपीएस के छात्र-छात्राओं नेए बल्कि कई प्रतिष्ठित विद्यालयों के बच्चों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इनमें जेएलएम गायत्री विद्यापीठ, जेबी मेमोरियल, बचपन स्कूल, जेवीएम नवजीवन स्कूल (बिलासपुर), आधारशीला, अज़ीज पब्लिक स्कूल और सैनिक स्कूल अंबिकापुर शामिल रहे। बच्चों की प्रतिभा और हुनर को प्रोत्साहित करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में पधारे दिग्विजय साहू (सहायक रजिस्ट्रार, हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग), डॉ.सुसन राज (डायरेक्टर, साफ इंडिया ऑर्गनाइजेशन) और श्रीमती पल्लवी राव (प्राचार्य, अलॉन्स पब्लिक स्कूल) ने अपने प्रेरक शब्दों से बच्चों का हौसला बढ़ाया। साथ ही डीपीएस राजनांदगांव की प्राचार्या श्रीमती निर्मला सिंह और निदेशक अभिषेक वैष्णव ने भी सभी स्कूलों के प्रतिभागियों को उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। आज की प्रतियोगिता में डीपीएस और अज़ीज पब्लिक स्कूल के बीच वाद-विवाद बेहद जोशीला और रोमांचक रहा, जिसने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरीं। वहीं, सैनिक स्कूल अंबिकापुर के बच्चों का प्रदर्शन भी काबिल-तारीफ रहा, जिसने सबका दिल जीत लिया। प्रतियोगिता में बच्चों ने वाद-विवाद, कविता पाठ और कहानी लेखन जैसे विभिन्न कार्यक्रमों में अपनी रचनात्मकता और प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन ओवरऑल चैंपियन का खिताब दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव ने अपने नाम किया।

# छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव : नगर निगम के चौपाटी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार का हुआ भव्य आयोजन

राजनांदगांव (दावा)। छत्तीसगढ़ प्रदेश में राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष में शासन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है, इसी कड़ी में नगर निगम द्वारा आज चौपाटी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार आयोजित किया गया। व्यंजन तिहार में संस्कारधानी के महिला समूह की महिलाओं द्वारा विभिन्न छत्तीगढ़ी व्यंजनों का स्टाल लगाया गया, जिसका महापौर मधुसूदन यादव ने फिता काटकर शुभारंभ किया।

छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार अंतर्गत लगे स्टालो का महापौर श्री यादव ने अपनी धर्म पत्नी श्रीमती करूणा यादव सहित जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूची सिंह के अलावा निगम अध्यक्ष टोपेन्द्र सिंह पारस वर्मा, नेता प्रतिपक्ष संतोष पिल्ले, पूर्व महापौर अजीत जैन, सांसद प्रतिनिधि देवशरण सेन तथा निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा, एसडीएम खेमलाल वर्मा और महापौर परिषद के प्रभारी सदस्यों राजा माखीजा, डीलेश्वर साहू व श्रीमती वर्षा सिन्हा, पार्षद सर्वश्री शिव वर्मा, सुश्री मणीभास्कर गुप्ता, श्रीमती खेमीन यादव, कमलेश बंधे, मनोहर यादव, श्रीमती अपूर्वा समीर श्रीवास्तव, प्रमोद झंझाडे, श्रीमती प्रियंका कुरंजेकर, संतोष साहू, रवि सिन्हा, श्रीमती अमृता सिन्हा, सेवक राम उईके, चन्द्रकृत साहू, पूर्व पार्षद शरद सिन्हा व विजय राय,पूर्व नामाकित पार्षद हकीम खान के साथ अवलोकन कर छत्तीसगढी व्यंजन का लुप्त उठा महिला स्व सहायता समूह की महिलाओ से व्यंजनों के बारे में चर्चा किया।

**महापौर मधुसूदन यादव ने छत्तीसगढ़ी व्यंजन से सुसज्जित स्टालो का किया शुभारंभ**



कार्यक्रम में महापौर श्री यादव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ प्रदेश 25वे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इसके उपलक्ष्य में रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है जिसमें छत्तीसगढ सरकार के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ की संस्कृति, विधाओ, खान पान, तीज त्योहार आदि को जन जन तक पहुंचाने विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। इसी कडी में आज नगर निगम द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन तिहार का आयोजन चौपाटी में किया गया। जहॉ महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं छत्तीसगढी व्यंजन चिला, फरा, चौसेला, ठेठरी, खुरमी आदि का स्टॉल लगाए है, वही सी मार्ट के द्वारा छत्तीसगढ के खान पान, रागी, मिलेट के अलावा अन्य छत्तीसगढी समानो का स्टाल लगाया गया है। जिसका नागरिको के द्वारा लुप्त उठाया जा रहा है।

निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कार्यक्रम की जानकारी देते हुए बताया कि शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किये जाने, निर्देश के अनुक्रम में महापौर श्री यादव के अध्यक्षता में आज चौपाटी में छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार का आयोजन किया गया। आयोजन में महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा छत्तीसगढी व्यंजन एवं छत्तीसगढी सामानों का स्टॉल लगाया गया है। कार्यक्रम में उन्होंने महापौर श्री यादव सहित उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अधिकारियों, नागरिकों का स्वागत करते हुए कहा कि शासन निर्देशानुसार रजत जयंती के अवसर पर और भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएगे। चौपाटी में आयोजित छत्तीसगढ़ी व्यंजन तिहार में मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह, निगम अध्यक्ष श्री वर्मा तथा नेता प्रतिपक्ष श्री पिल्ले ने भी अपने उद्बोधन में रजत जयंती वर्ष की बधाई देते हुए अच्छे आयोजन के लिए नगर निगम की सराहना किए। कार्यक्रम को सफल बनाने में नगर निगम के कार्यपालन अभियंता यू.के.रामटेके व दीपक खाण्डे, प्र.सहायक अभियंता श्रीमती गरिमा वर्मा, उप अभियंता मुनेन्द्र साठिया, तिलक राज ध्रुव, सुश्री आयुषी सिंह, श्रीमती रोमाली शेडे, प्र.स्वास्थ्य अधिकारी राजेश मिश्रा, स्वच्छता निरीक्षक दीपक श्रीवास्तव सह. उद्यान प्रभारी दिलीप गिरी, समयपाल चिराग मेश्राम, शहरी अजीविका मिशन की सीटी मेनेजर सुश्री मोनिका वारडे एवं नगर निगम की टीम की प्रमुख भूमिका रही। इस अवसर पर महिला स्व सहायता समूह की महिलाएं एवं नागरिकगण उपस्थित थे।

# नागपुर फैशन रनवे में चमके राजनांदगांव के नन्हे मॉडल



**प्रिंस एंड प्रिंसेस ऑफ राजनांदगांव से बच्चों का हुआ चयन**

राजनांदगांव (दावा)। स्थानीय प्रतिभाओं ने राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाते हुए नागपुर में आयोजित 'द वल्वेट औरा' में अपने हुनर का प्रदर्शन किया। यह फैशन शो 24 अगस्त को आयोजित हुआ, जिसमें मॉडल्स ने हिस्सा लिया। प्रिंस एंड प्रिंसेस ऑफ राजनांदगांव प्रतियोगिता से चयनित नव्या जंघेल, टेम्बुरकर, प्रिया गहलोत, अंशदीप सिंह, गिरीश साहू, शौर्यान प्रताप सिंह, आर्यन बांधव, प्रियांशु साहू और बच्चों में धैर्य आहूजा, झिलमिल सिंहा, अथर्व पात्रे, ऋषभ जंघेल, हर्षिता सोना ने इस मंच पर अपना जलवा बिखेरा। बच्चों के मार्गदर्शन के लिए कोच मनीष साहू और डॉ. चंदन सिंह भी उनके साथ नागपुर गए। इससे पहले दिल्ली फैशन वीक रनवे पर भी 1 से 3 अगस्त तक राजनांदगाँव से नेशनल लेवल पा अपना जलवा दिखाया था।

# आईटीबीपी द्वारा साइकिल रैली का आयोजन



राजनांदगांव (दावा)। आज 31 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रमों की श्रृंखला में फिटनेस, आत्मशक्ति और सौहार्द्र की भावना को बढ़ावा देने के लिए शहर में एक विशेष साइकिलिंग अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया, इस कार्यक्रम को आईटीबीपी राजनांदगांव के क्षेत्रीय मुख्यालय के सेकेंड-इन-कमांड मनोज कुमार बहुगुणा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, जिसमें आईटीबीपी कर्मियों और साई राजनांदगांव के उभरते खिलाड़ियों ने सामूहिक रूप से भाग लिया।

29 अगस्त को प्रारंभ हुए तीन दिवसीय खेल दिवस कार्यक्रम श्रृंखला ने एक जोड़ने वाली ताकत और राष्ट्र-निर्माण के एक शक्तिशाली साधन के रूप में खेल की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया। इसने युवाओं में भारत की समृद्ध खेल विरासत के प्रति गर्व की गहरी भावना पैदा की, साथ ही 'हॉकी के जादूगर'-मेजर ध्यानचंद की चिरस्थायी विरासत को एक उपयुक्त श्रद्धांजलि भी दी। इस पहल ने प्रतिभागियों के बीच एक स्वस्थ और सक्रिय जीवन शैली को बढ़ावा देते हुए और शारीरिक फिटनेस और तंदुरुस्ती के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर, फिट इंडिया आंदोलन के मूल संदेश को भी सुदृढ़ किया। अंत में इन तीन दिवसीय कार्यक्रमों में सक्रिय रूप से भाग लेने वाले सभी कर्मियों को पुरस्कार वितरण समारोह के साथ सभी संबंधित कार्यक्रमों का समापन किया गया।

# गोल्डी मरकाम मर्डर कांड में चार आरोपियों को उम्र कैद की सजा

**हत्या काण्ड के आठ आरोपियों को किया बरी**

राजनांदगांव (दावा)। शहर के बसंतपुर निवासी गोल्डी मरकाम मर्डर कांड में चार आरोपियों को उम्र कैद की सजा हुई है। बसंतपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सन् 2020 के सितंबर माह में उक्त हत्या की घटना बसंतपुर फलमंडी में प्रतिद्वंदिता के चलते आपसी रंजिश को लेकर हुई थी। जिसके चार हत्यारों को उम्रकैद की सजा मिली है वहीं आठ आरोपी बरी कर दिए गए हैं।

उक्त घटना के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया गया है, दिनोंक 23.09.2020 की रात्रि को फल मंडी बसन्तपुर में अभियुक्तगण राजा निकोसे पिता कैलाश निकोसे, आयु 25 वर्ष, निवासी फिरंतीन मंदिर के पास, वार्ड नंबर 43, पंकज यादव पिता अश्वनी यादव, आयु 26 वर्ष, निवासी महामाया चौक, वार्ड नंबर 43, चोटी उर्फ विष्णु सिंह राजपूत पिता सुरेश सिंह राजपूत, आयु 20 वर्ष, निवासी बंगाली चौंक वार्ड नंबर 43, और खेमू उर्फ खेमचंद देवांगन आ. मेहत्तर राम देवांगन, आयु 21 वर्ष, निवासी कौरिनभाठा, जैतखांभ के पास, थाना बसंतपुर, छींद उर्फ पिंटू उर्फ प्रथम यादव पिता मोहन यादव, आयु 20 वर्ष, निवासी जलधारा चौंक, बसंतपुर, नानू उर्फ कामेश्वर यादव पिता अर्जुन यादव, आयु 22 वर्ष, निवासी जलधारा चौक, विकास दास वैष्णव उर्फ चिन्ना पिता स्व. रामनारायण वैष्णव, आयु 21 वर्ष, निवासी चन्द्रा कॉलोनी (किराए के मकान में, मकान मालिक का नाम डॉ. शर्मा), संजय यादव उर्फ संजू पिता स्व. शंकर यादव, आयु 22 वर्ष, निवासी राजीव नगर, वार्ड नंबर 42, अमित निकोस पिता कैलाश निकोसे, आयु 21 वर्ष, निवासी फिरंतीन मंदिर के पास, वार्ड नंबर 42, अमन निकोसे पिता कैलाश निकोसे, आयु 20 वर्ष निवासी फिरंतीन मंदिर के पास वार्ड नंबर 42, साहिल खोब्रागढ़े पिता पूनमचंद खोब्रागढ़े, आयु 21 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 42 एवं अविनाश सिन्दे पिता झामन सिन्दे, आयु 24 वर्ष, निवासी फिरंतीन मंदिर के पास वार्ड नंबर 42 बसंतपुर, सभी ने मिलकर आपसी रंजिश व अवैध कार्य में प्रतिद्वंदिता के चलते योगेन्द्र उर्फ गोल्डी मरकाम पिता स्व. ईश्वर साहू, उम्र 28 साल, निवासी वार्ड नंबर 42, बसंतपुर तथा आहत प्रतीक ताम्रकार पिता राकेश ताम्रकार उम्र 25 साल, निवासी कौरिनभाठा के ऊपर चाकू, टंगिया, रॉड आदि घातक हथियारों से प्राणघातक वार कर चोंट पहुँचाया, जिससे मौके पर ही योगेन्द्र उर्फ गोल्डी मरकाम की मौत हो गई तथा प्रतीक ताम्रकार बुरी तरह घायल हो गया।

प्रार्थी पिन्टू मरकाम पिता सुरेश मरकाम, उम्र 24 साल, निवासी फिरंतीन मंदिर के पास, बसंतपुर की रिपोर्ट पर थाना बसंतपुर द्वारा अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान सभी अभियुक्तगणों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया तथा संपूर्ण जांच उपरान्त थाना बसंतपुर द्वारा अभियुक्तगणों के विरूद्ध भारतीय दण्ड विधान की धारा 147, 148, 149, 307, 302 के तहत अभियोग पत्र विचारण हेतु न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था। मामले में न्यायालय द्वारा अभियुक्तगण राजा निकोसे व अन्य के विरूद्ध धारा 147, 148, 307 विकल्प में धारा 307/149 एवं 302 विकल्प में 302/149 भारतीय दंड संहिता तथा धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट के अधीन आरोप की विवेचना की गई थी।

मामले के संपूर्ण सुनवाई पश्चात् न्यायालय प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश 'डी.आर. देवाँगन' द्वारा फैसला दिया गया, जिसमें 30 अगस्त शनिवार को अभियुक्त राजा निकोसे, पंकज यादव, चोटी उर्फ विष्णु सिंह राजपूत तथा खेमू उर्फ खेमचंद देवांगन को योगेन्द्र उर्फ गोल्डी मरकाम की हत्या करने तथा प्रतीक ताम्रकार को प्राणघातक चोंट पहुंचाने का दोषी साबित पाते हुये। अभियुक्त राजा निकोसे को धारा 147 भादवि के तहत् एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में 15 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 148 भादवि के तहत् दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड तथा अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 307 भादवि के तहत् सात वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा भादवि की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास एवं दो हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा नहीं किए जाने पर तीन माह की अतिरिक्त सजा। अभियुक्त पंकज यादव को धारा 147 भादवि के तहत् एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में 15 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 148 भादवि के तहत् दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 307 भादवि के तहत् सात वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, भादवि की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास एवं दो हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत् दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास व धारा 27 आर्म्स एक्ट के तहत् तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा। (3) अभियुक्त चोटी उर्फ विष्णु सिंह राजपूत को धारा 147 भादवि के तहत् एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में 15 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 148 भादवि के तहत् दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 307 भादवि के तहत् सात वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, भादवि की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास एवं दो हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत् दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास व धारा 27 आर्म्स एक्ट के तहत् तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा तथा (4) अभियुक्त खेमू उर्फ खेमचंद देवांगन को धारा 147 भादवि के तहत् एक वर्ष का सश्रम कारावास एवं पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में 15 दिवस का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 148 भादवि के तहत् दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, धारा 307 भादवि के तहत् सात वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड अदा न किये जाने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास, भादवि की धारा 302 के तहत् आजीवन कारावास एवं दो हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जानें की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास तथा धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत् दो वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में एक माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास व धारा 27 आर्म्स एक्ट के तहत् तीन वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार पांच सौ रूपये का अर्थदंड, अर्थदंड की राशि अदा न किये जाने की स्थिति में दो माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास की सजा से दण्डित किये जाने का दण्डादेश पारित किया गया है। मामले के अन्य आरोपीगण छीन उर्फ पिंटू उर्फ प्रथम यादव, नानू उर्फ कामेश्वर यादव, विकास दास वैष्णव उर्फ चिन्ना, संजय यादव उर्फ संजू, अमित निकोसे, अमन निकोसे, साहिल खोब्रागढ़े एवं अविनाश शिन्दे के विरूद्ध आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाने पर इन अभियुक्तगणों को सन्देह का लाभ देकर सभी आरोपों से बरी किया गया है। मामले में छत्तीसगढ़ शासन की ओर से विनोद कुमार बाजपेयी, अतिरिक्त लोक अभियोजक ने पैरवी की।

# ढाबा में शराब पिलाने वाले संचालकों को पुलिस ने धर दबोचा



**तीन संचालकों के खिलाफ की गई कार्यवाही**

राजनांदगांव (दावा)। लालबाग पुलिस ने अपने थाना क्षेत्र के ढाबा में शराब पिलाने वाले संचालकों पर आबकारी एक्ट के तहत कार्वाई की है।

लालबाग थाना प्रभारी राजेश कुमार साहू ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा नगर पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक के मार्ग दर्शन में शनिवार 30 अगस्त को मुखबीर से मोबाईल से सूचना मिली कि लालबाग थाना क्षेत्रांतर्गत ढाबा संचालकों द्वारा आम लोगों को शराब पीने व पिलाने के लिए साधन उपलब्ध कराकर बैठाकर शराब पिला रहे है। इस पर तत्काल एक टीम गठित कर पायल ढाबा रींवागहन चौक, बिहार पटना ढाबा रीवागहन एवं मिनी पंजाब ढाबा फरहद चौक जाकर अलग अलग ढाबा में रेड कार्यवाही कर के ढाबा संचालकों के विरूद्ध गवाहों के समक्ष धारा 36(सी) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है।

इस कार्रवाई में उपरोक्त ढाबा संचालको के दीपक पिता निर्मल तेजवानी 32 साल निवासी भरकापारा, रोहित यादव पिता मोहन 24 साल निवासी पेंड्री वार्ड नं 20 तथा ओंकार सिंह चांदवानी पिता अर्जुन सिंह उम्र 29 साल निवासी कृष्णा विहार फ्लैट नं 101 के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्वाई की गई है। इस कार्यवाही में उप निरी. ईशा ओग्रे, सउनि शोभाराम बेरवंशी, सउनि ईश्वर यादव, प्र.आर. प्रभात तिवारी, आर. राजकुमार बंजारा, आर. कमल किशोर यादव की भूमिका सराहनीय रहा है।

# कलेक्टर ने शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री में प्लग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट का किया औचक निरीक्षण

राजनांदगांव (दावा)। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने आज शासकीय उद्यान रोपणी पेण्ड्री में प्लग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने इस यूनिट के मरम्मत कार्य को यथाशीघ्र पूर्ण कर पुनः संचालित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि इस यूनिट के माध्यम से किसानों को लाभ होगा तथा सब्जियों की विभिन्न वैरायटी के सीडलिंग पौधे (थरहा) किफायती दर पर उपलब्ध रहेंगे, जिससे उन्हें फायदा होगा। प्लग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट अंतर्गत जर्मिनेशन चैम्बर एवं हार्डनिंग चैम्बर को सुधारने का कार्य किया जा रहा है। जिसमें जर्मिनेशन चैम्बर ठीक हो गया है तथा हार्डनिंग चैम्बर का सुधार कार्य किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2022 में चक्रवाती तूफान के कारण पलग टाईप वेजिटेबल सीडलिंग यूनिट क्षतिग्रस्त हो गया था। जिसकी मरम्मत के लिए उद्यानिकी विभाग से 32 लाख रूपए तथा डीएमएफ मद से 19 लाख रूपए की लागत से मरम्मत का कार्य किया जा रहा है। इस दौरान सहायक संचालक उद्यानिकी राजेश शर्मा, वरिष्ठ उद्यान अधिकारी रविन्द्र मेहरा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिला स्तरीय समन्वय एवं एमआईएस सहायक पद के लिए 18 तक आवेदन आमंत्रित

राजनांदगांव (दावा)। आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग द्वारा जिला स्तरीय समन्वय (समन्वयक-वन अधिकार अधिनियम) एवं एमआईएस सहायक (सहायक-वन अधिकार अधिनियम) पद के लिए 18 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किए गए है। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव पिन कोड 491441 में रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकते है। जिला स्तरीय समन्वय एवं एमआईएस सहायक की व्यवस्था निर्धारित मानदेय पर एक वर्ष की अवधि के लिए है। इस संबंध में विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास राजनांदगांव के सूचना पटल एवं राजनांदगांव जिले की वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

# चक्रधर समारोह में इंदिराकला संगीत विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने सितार वादन की मधुर प्रस्तुति से बांधा समां



खैरागढ़ (दावा)। अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त चक्रधर समारोह 2025 में इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ की कुलपति एवं देश की प्रख्यात सितार वादक प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा ने राग सरस्वती की प्रस्तुति देकर शास्त्रीय संगीत की मधुर स्वर से वातावरण को गुंजायमान कर दिया। श्रोतागण प्रस्तुति का रसपान कर खूब आनंदित हुए और अंत तक तालियां बजती रही। इस दौरान प्रसिद्ध तबला वादक दुर्जय भौमिक ने तबले पर संगत किया। कुलपति प्रो.(डॉ.) लवली शर्मा ने 15 वर्ष की आयु में वीणाचंद्रा से सितार वादन की शिक्षा प्राप्त की तत्पश्चात उन्होंने कोलकाता के प्रसिद्ध सितार वादक कल्याण लहरी से उच्च प्रशिक्षण लिया। उन्होंने आगरा विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातकोत्तर उपाधि गोल्ड मेडल के साथ हासिल किया। वहीं बड़ौदा विश्वविद्यालय से 1986 में पीएचडी की उपाधि प्राप्त की। उन्हें कला भूषण सहित अनेक सम्मान प्राप्त हो चुके हैं।

### विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों ने दी लोक नृत्यों की प्रस्तुति

कुलपति प्रो. (डॉ.) लवली शर्मा के संरक्षण, अधिष्ठाता लोक संगीत एवं कला संकाय प्रो.डॉ. राजन यादव के मार्गदर्शन एवं सहायक प्राध्यापक लोक संगीत विभाग डॉ. दीपशिखा पटेल के निर्देशन में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा चक्रधर समारोह में लोक नृत्यों की विभिन्न प्रस्तुतियां दी गई। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से की गई, जिसके बाद कलसा नृत्य, चटकोला नृत्य, करमा लोक नृत्य, ठिसकी नृत्य एवं शैला रीना नृत्य की प्रस्तुति दी गई।

इस दौरान नृत्य पक्ष में विद्यार्थीगण टेकराम साहू, डिम्पल पुलस्त्य, सर्वजीत बाम्बेश्वर, कु. वंदना, सिद्धार्थ दिवाकर, कु. खुशी वर्मा, डेरहू, कु. नम्रता गांवर, खगेश पैकरा, कु. हर्षलता साहू, धीरेन्द्र निषाद, कु. खुलेश्वरी पटेल तथा गायन पक्ष में डॉ. परमानंद पाण्डेय हारमोनियम, हर्ष चन्द्राकर, मनीष, कु. सौम्या सोनी, कु. साक्षी गढ़पायले तथा वाद्य संगत में रामचन्द्र सर्वे तबला-मांदर, डॉ.राजकुमार पटेल टिमकी, परमानंद जंघेल मांदर, खिलेश बांसुरी, करण तारम बेंजो, राजेश निषाद मंजीरा तथा सूरज कुमार सहयोगी के रूप में कार्यक्रम की प्रस्तुति दिए।

# शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन-30 रक्तवीरों ने किया रक्तदान



राजनांदगांव (दावा)। महापौर मधुसूदन यादव के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाते हुए छात्र युवा मंच द्वारा सेवा सप्ताह के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कड़ी में 25 अगस्त 2025 को शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, राजनांदगांव में रक्तदान शिविर, दंत परीक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। इस अवसर पर 30 रक्तवीरों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया तथा रक्तदान करने वाले युवाओं को हेलमेट वितरण कर सम्मानित किया गया।

### सेवा सप्ताह के प्रमुख आयोजन

15 अगस्त नगर पालिक निगम में शतरंज प्रतियोगिता, 18 अगस्त गुरुद्वारा चौक से शीतला माता मंदिर प्रांगण तक पौधारोपण, 21 अगस्त दिग्विजय महाविद्यालय में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, 25 अगस्त शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय में रक्तदान, दंत व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया है।

विशेष सहयोग-शिविर के सफल आयोजन में रवि सिन्हा, अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शिवनाथ विज्ञान महाविद्यालय, महाविद्यालय की प्राचार्या महोदया एवं प्रो. कन्नौजे सर का विशेष सहयोग रहा। साथ ही बाला जी ब्लड बैंक संचालक जंघेल सर एवं उनकी टीम का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा।

स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ- बीपी टेस्ट - 143 विद्यार्थियों ने कराया, एचबी टेस्ट-120 विद्यार्थियों ने कराया, ब्लड ग्रुप चेक -117 विद्यार्थियों ने कराया दंत परीक्षण -25 विद्यार्थियों ने कराया। सामान्य स्वास्थ्य परीक्षण - 47 विद्यार्थियों ने कराया। इस प्रकार कुल सैकड़ों विद्यार्थियों ने निःशुल्क जांच शिविर का लाभ उठाया। अतिथि एवं गणमान्य उपस्थिति-इस अवसर पर मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव रहे।

विशिष्ट अतिथियों में रवि सिन्हा (अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति), पारस वर्मा (अध्यक्ष, नगर निगम), सुमित भाटिया (अध्यक्ष, भाजपा उत्तर मंडल), चंद्रभान जंघेल (महामंत्री, भाजपा उत्तर मंडल), विनोद भारती भाजपा, पार्षद सावन वर्मा, शैंकी बग्गा, पंकज कुंजेकर (सदस्य, जनभागीदारी समिति) तथा अन्य अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

छात्र युवा मंच की सक्रिय भूमिका सेवा शिविर में प्रमुख रूप से उपस्थित रहे-प्रदेश संयोजक रक्तवीर नागेश यदु, मार्गदर्शक फनेन्द्र जैन, प्रदेश सह-संयोजक चंद्रभान जंघेल, प्रदेश प्रमुख माधव राम साहू, प्रदेश अध्यक्ष लोकेश बारापात्रे, प्रदेश उपाध्यक्ष जितेन्द्र साहू, कोषाध्यक्ष भागवत वर्मा, मंत्री मोहित यादव, सोशल मीडिया प्रभारी पुरुषोत्तम यदु, शहर अध्यक्ष साहिल जंघेल एवं बड़ी संख्या में छात्र युवा मंच के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

## अनमोल दावा

**जो व्यक्ति दूसरों के अनुभव से सिखता है, वह बुद्धिमान होता है।**

## सम्पादकीय

# भारत की चाणक्य नीति : भारत चीन और जापान को साथ रख अमेरिका को नसीहत देगा

आपदा को अवसर में बदलने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रूस के पास से क्रूड आईल खरीदने के बहाने भारत के साथ भिड़ने निकलने लगे अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प को नसीहत देने चल पड़े हैं। भारत ने चीन और जापान को साथ में रखने की व्यूहनीति बनायी है। जापान की यात्रा का सफलतम प्रतिसाद मिलने के बाद नरेन्द्र मोदी चीन यात्रा पर हैं। यहां वे एस.सी.ओ. में हिस्सा लेंगे। जापान में मोदी ने भारत-जापान के आर्थिक पक्ष को मजबूत करने सम्बोधित किया था। उन्होने जापान के उद्योगपतियों को भारत में अधिकाधिक पूंजीनिवेश करने की अपील की थी। नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि जापान टेक्नालाजी में प्रवीण देश है। जब कि, भारत टेलेन्ट का पावर रखता है। इस कारण जापान के निवासियों को भारत ने उद्योग स्थापित करने आमंत्रित किया है। जापान भी कई सालों से भारत का मित्र देश रहा है। भारत के राष्ट्रपति को चीन के द्वारा लिखा गया पत्र अच्छा संकेत है। भारत के चीन से संबंध सुधर रहे हैं, ऐसा समझा जा सकता है। किन्तु, यहां भारत को सचेत रहने की भी आवश्यकता है। भारत जापान और चीन एशिया को लक्ष्य में रख कर अमेरिका की टेरिफ को कम करना चाहते हैं। अगर, यह चाणक्य नीति सफल हो गई तो अमेरिका को विवश होकर टेरिफ कम करना होगा। यूं भी टेरिफ बाबत अमेरिका की कोर्ट ने भी डोनाल्ड ट्रम्प को लताड़ा है।


चीन ने भारत के निर्यातकारों को प्रोत्साहित किया है। उसने उनके लिए अपने दरवाजे खोल रखने की सहमति जतायी है। चीन अब अपने अमल में ला रहे नियमों को कितना सरल करता है, यह देखना है। वह अपना चीनी बाजार में व्यापार बढ़ाने उत्सुक दिख रहा है। भारत और जापान के सामुहिक हित और परस्पर समृद्धि भी इससे बरकरार रहेगी, यह समझा जा सकता है।

नरेन्द्र मोदी एशिया के देशों को साथ में रख कर स्थिरता, विकास और समृद्धि के लिए प्रयासरत हैं। उन्होने जापान के प्रधानमंत्री के साथ शिखर मंत्रणा आयोजित करके परस्पर के हितों के मद्देनजर क्षेत्रों में अनेक एम.ओ.यू. करने वाले हैं। जापान के साथ मोदी खनिज सम्पत्ति और टेक्नालाजी से जुड़े महत्वपूर्ण अनुबंध कर सकते हैं। जापान की कम्पनियां आगामी 10 सालों में भारत में 87.3 अरब सिंगापुर डालर का याने कि 10 ट्रिलियन येन का निवेश करने तैयार हैं। आगामी 5 सालों में सुजुकी मोटर ने 8 अरब डालर का निवेश करने की योजना बनाई है। चीन में नरेन्द्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ की बैठक का उद्देश्य भी टेरिफ विवाद के मद्देनजर था। यह बैठक वाशिंगटन के चर्चित टेरिफ को लेकर महत्व रखती है।

अमेरिका के अनेक नेताओं ने ट्रम्प के भारत के साथ हुए विचित्र व्यवहार की आलोचना की है। कई लोगों ने यहां तक कह दिया है कि अमेरिका ने भारत पर टेरिफ लादकर अपने पैरों पर ही कुल्हाड़ी मारी है।

# वॉटरशेड- साकार होता विकसित भारत का सपना

## जल और मिट्टी संरक्षण से कृषि और किसान समृद्धि की ओर



**-शिवराज सिंह चौहान**



जल ही जीवन है और मिट्टी हमारा अस्तित्व, हमारा आधार है। जल और मिट्टी के बिना जीवन की कल्पना भी नहीं की जा सकती। आज जब पर्यावरण संकट गहराता जा रहा है, कुएं सूख रहे हैं, नदियों की धाराएं कमजोर हो रही हैं और भूजल पाताल में समा रहा है, तब यह हमारी जिम्मेदारी बनती है कि हम आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जल और मिट्टी की रक्षा करें। जब हमारे खेत हरे-भरे होंगे और किसान खुशहाल होंगे, तभी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-2047 के संकल्प को साकार किया जा सकेगा, क्योंकि इस संकल्प का रास्ता हमारे गांवों की पगडंडियों, उपजाऊ मिट्टी और लहलहाती फसलों से होकर ही गुजरता है।

आज बिगड़ते पर्यावरण के कई जगहों पर भूजल का स्तर हजार-डेढ़ हजार फीट नीचे चला गया है। अगर हमारी उपजाऊ मिट्टी इसी तरह बहती रही और जमीन बंजर होती रही, तो हमारी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य कैसा होगा? इसी दूरदर्शी सोच और भविष्य की चिंता को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में हमारी सरकार ने एक बीड़ा उठाया है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने हमेशा दूरदृष्टि से काम किया है। वे सिर्फ आज की नहीं, आने वाले 50-100 वर्षों की सोचते हैं। उनके नेतृत्व में भारत सरकार का भूमि संसाधन विभाग, 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के तहत 'वॉटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी-पीएमकेएसवाय) को पूरे देश में लागू कर रहा है। लेकिन यह काम अकेले सरकार नहीं कर सकती। इस महायज्ञ में सरकार के साथ समाज को भी खड़ा होना पड़ेगा। यह धरती को बचाने का अभियान है। पानी, माटी, धरती बचेगी तो भविष्य बचेगा। यह योजना विशेष रूप से उन क्षेत्रों में लागू की जा रही है जो सूखे और वर्षा पर निर्भर हैं और इन इलाकों में बसे हमारे किसान भाई-बहनों के जीवन में समृद्धि लाने का एक महाभियान है, जहाँ कभी पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करना पड़ता था।

कई लोग मुझसे पूछते हैं कि आखिर यह वाटरशेड योजना है क्या? मैं उन्हें सरल भाषा में बताता हूँ कि यह केवल एक सरकारी योजना नहीं, बल्कि लोगों की अपनी, लोगों के लिए चलाई जाने वाली एक क्रांति है। इस योजना का मूलमंत्र है- 'खेत का पानी खेत में और गाँव का पानी गाँव में'। इसके तहत हम सब मिलकर खेतों की मेड़ें मजबूत करते हैं, खेत में ही छोटे तालाब बनाते हैं, और छोटे-छोटे नालों पर चेक डैम जैसी जल-संरचनाएं खड़ी करते हैं। इससे बारिश का पानी बहकर बेकार नहीं जाता, बल्कि धीरे-धीरे धरती की प्यास बुझाता है, जिससे भूजल का स्तर बढ़ता है और मिट्टी में लंबे समय तक नमी बनी रहती है।

इस योजना की सबसे बड़ी शक्ति इसकी जन-भागीदारी है। गाँव के लोग खुद बैठकर यह तय करते हैं कि तालाब कहाँ खोदना है, मेड़ कहाँ बनानी है और पेड़ कहाँ लगाने हैं। भूमिहीन परिवारों और महिलाओं के स्वयं सहायता समूहों को भी मुर्गीपालन और मधुमक्खी पालन जैसे कामों से जोड़कर उनकी आमदनी बढ़ाने का काम किया जा रहा है। इस योजना के बहुत सुखद परिणाम मिल रहे हैं। इसका सबसे बड़ा लाभ हमारे किसान भाई-बहनों को मिला है, जिनकी आमदनी में 8 प्रतिशत से लेकर 70 प्रतिशत तक की ठोस वृद्धि हुई है। यह इसलिए संभव हुआ है क्योंकि 2015 से अब तक, सरकार ने रूपये 20,000 करोड़ से अधिक की धनराशि खर्च करके देशभर में 6,382 से अधिक परियोजनाएं चलाई हैं और लगभग 3 करोड़ हेक्टेयर भूमि को फिर से उपजाऊ बनाने का काम किया है।

मध्य प्रदेश के झाबुआ में, जहाँ कभी सूखा एक बड़ी समस्या थी, आज आदिवासी गाँवों में पानी भरपूर है और मिट्टी की उर्वरक शक्ति भी बढ़ गई है। परियोजना क्षेत्र के 22 गाँवों में भूजल स्तर एक मीटर तक बढ़ गया है। इससे खेती में भी परिवर्तन आया है। यहीं के किसान भाई बताते हैं कि गाँव में चेकडैम बनने से अब वे मक्के के साथ-साथ चने की फसल भी ले रहे हैं, जिससे उनकी आमदनी रूपये 50,000 से रूपये 60,000 तक बढ़ गई है। साथ ही झाबुआ की ही परवलिया पंचायत में 12 खेतों में बने खेत तालाबों से किसानों की आमदनी रूपये 1 लाख से रूपये 1.5 लाख प्रति हेक्टेयर तक बढ़ी है।

इस योजना के तहत 9 लाख से ज्यादा चेक डैम, रिसाव तालाब, खेत तालाब, जैसी वाटरशेड संरचनाएँ बनी हैं। 5.6 करोड़ से ज्यादा श्रम दिवस उपलब्ध हुए हैं, जिससे ग्रामीण रोजगार में वृद्धि हुई है। वाटरशेड विकास परियोजनाओं के लागू होने से गाँवों में उल्लेखनीय बदलाव आया है। जहाँ पहले पानी की कमी थी, उन परियोजना क्षेत्र में अब 1.5 लाख हेक्टेयर से ज़्यादा नए इलाक़े में जल स्रोत फैले हैं, यानी 16 प्रतिशत का इज़ाफ़ा हुआ है। साथ ही अब किसान पारंपरिक फसलों के अलावा फलों और अन्य पेड़-पौधों की खेती भी करने लगे हैं, जिससे बागवानी और पेड़-पौधों की खेती का दायरा 12 प्रतिशत बढ़कर 1.9 लाख हेक्टेयर पहुंच गया है। राजस्थान के बाड़मेर जैसे रेगिस्तानी इलाके में, जहाँ पानी की कमी किसानों को पलायन पर मजबूर कर रही थी, आज अनार की खेती से हरियाली लौट आई है। योजना के अंतर्गत 120 से अधिक किसानों को अनार के पौधे उपलब्ध कराए गए, जो वहाँ की बालू मिट्टी और सीमित पानी जैसी कठिन परिस्थितियों में भी आसानी से पनप जाते हैं। अनार की खेती ने न केवल आमदनी बढ़ाई, बल्कि बूड़ीवाड़ा गांव के मांगीलाल परांगी का कहना है कि उनके जैसे किसान अब अरंडी छोड़कर बागवानी की ओर बढ़ गए हैं। त्रिपुरा के दाशी रियांग और बिमन रियांग जैसे किसान योजना की मदद से अनानास की बागवानी करके अपनी बंजर भूमि को फिर से उपजाऊ बना रहे हैं और अच्छी आय अर्जित कर रहे हैं।

इस पूरी क्रांति को जन-जन तक पहुँचाने और इसे एक जन-आंदोलन बनाने के लिए हमने 'वॉटरशेड यात्रा' भी निकाली। इस यात्रा के माध्यम से हमने देशभर में जल संरक्षण और भूमि संवर्धन के लिए एक जनजागरण अभियान चलाया। हमने इस योजना में तकनीक का भी भरपूर उपयोग किया है। 'भुवन जियोपोर्टल (सृष्टि)' और 'दृष्टि' मोबाइल ऐप जैसे डिजिटल उपकरणों से योजनाओं की प्रगति की सटीक निगरानी हो रही है। किसानों की मेहनत और हमारी योजनाओं की वजह से, देशभर के फसल क्षेत्र में बढ़ोतरी हुई है। सैटेलाइट से मिले आँकड़े बताते हैं कि फसल क्षेत्र में लगभग 10 लाख हेक्टेयर (5 प्रतिशत की वृद्धि) और जल स्रोतों के क्षेत्र में 1.5 लाख हेक्टेयर (16 प्रतिशत की वृद्धि) का इजाफा हुआ है। सबसे बड़ी बात यह है कि 8.4 लाख हेक्टेयर से ज्यादा बंजर जमीन अब फिर से खेती के योग्य बन चुकी है।

प्रधानमंत्री मोदी जी के कुशल नेतृत्व में आज अमृतकाल में हम सब मिलकर भूमि संरक्षण की एक नई गाथा लिख रहे हैं। यह सिर्फ आँकड़े नहीं हैं, यह हमारे किसानों की मेहनत और उनके बेहतर भविष्य की जीती-जागती कहानी है। जब हम पानी और मिट्टी को बचाएंगे, तभी हम अपनी आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित कर पाएंगे। इस संकल्प को मिलकर पूरा करें और किसानों को समृद्ध तथा भारत को विकसित बनाएं। प्रधानमंत्री मोदी जी का मानना है कि केवल सरकार नहीं, समाज की भागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा। उसी सोच के तहत 'वॉटरशेड यात्रा' जैसी पहल से इस योजना को जन-जन तक पहुँचाया गया है और यह एक जनांदोलन बन चुका है। यह भारतीय किसानों की मेहनत और बदलते भविष्य की कहानी है। जब जल और मिट्टी सुरक्षित होंगी, तभी भारत सुरक्षित रहेगा। 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी साकार होगा, जब गाँवों की धरती समृद्ध होगी और किसान खुशहाल होंगे। आइए, मिलकर जल और माटी के इस रक्षा संकल्प को आगे बढ़ाएं।

**(लेखक केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री, भारत सरकार)**

## विचार सरिता

# जीवन कौशल: जीवन की आपाधापी में से कुछ पल अपने लिए भी निकाला करें

**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**



मनुष्य दिन-रात दौड़-भाग का जीवन जी रहा है। अब वह अपने समय के हर क्षण का उपयोग अधिक से अधिक सुख-सुविधाएँ जुटाने या अपने लक्ष्य को पूरा करने के लिए करना चाहता है। अब वह खाली नहीं बैठना चाहता है। अब छुट्टी के दिन भी उसे अवकाश नहीं है। वह ऐसे दिन में भी कुछ समय अपने परिवार के साथ बिताने के बदले अपना टारगेट पूरा करने में जुटा रहता है। अगर उसे थोड़ा भी खाली समय मिला तो वह कोई न कोई काम ढूंढ लेता है। यह कहते हुए कि वह समय का अधिक से अधिक उपयोग कर लेना चाहता है। धन कमाने की होड़, भविष्य के लिए अतिरिक्त संसाधन जुटाने का असुरक्षा बोध और अपने को स्थापित तथा प्रतिष्ठित करने की ललक उसे चौबीसों घंटे व्यस्त रखती है।

जीवन की इस आपाधापी में वह स्वयं को जानना और पहचानना भूल जाता है। वह बाह्य उपलब्धि के फेर में भीतर की उपलब्धियों के प्रति उदासीन हो जाता है। जितना आवश्यक बाह्य प्रयास से न्यूनतम आवश्यकताओं की पूर्ति है, उतना ही आवश्यक आत्मजागरुकता भी है। स्वयं को स्वयं से जानना भी है। मनुष्य के सुख और आनंद का स्रोत बाहरी उपलब्धि में नहीं बल्कि भीतर की प्रसन्नता में है। जब हम अंतर्मुखी होते जाएंगे तो स्वयं को पहचानते जाएंगे। स्वयं को पहचानने के लिए सहज जीवन और अनंत, असीमित कामनाओं के घोड़ों पर लगाम आवश्यक है। यह समझने की आवश्यकता है कि कुछ देर मौन रहकर भीतर की ओर झांकने में भी शक्ति और ऊर्जा की प्राप्ति है। ऐसा करने से आप अपनी मूल प्रवृत्ति से जुड़ते हैं। भीतर की यात्रा में बिताए गए कुछ क्षण भौतिक सुखों की प्राप्ति से अधिक आनंददायक हैं और आत्मउन्नति में सहायक हैं। तो क्यों न अपनी व्यस्त दिनचर्या के कार्य (जिनमें से कई तो हमारे खुद के बढ़ाए होते हैं) से कुछ पल निकालकर अपने भीतर झांकना प्रारंभ करें।

## शब्द सामर्थ्य -156

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. अभिमान, घमंड, अनुमान 4. बादल, मेघ, जलद (सं) 6. अधिकार वाला, अधिकारी 8. गति, सामंजस्य, समा जाना 10. कारावास, जेल 11. जोर, शक्ति, जान, सांस 12. राजाओं के रहने का भवन 15. मालामाल, अमीर, धनवान 18. नाव खेने का यंत्र 20. 'खन' ध्वनि उत्पन्न होना, पायल आदि का शब्द करना 21. मार डाला हुआ, घायल किया हुआ 22. हमेशा, आवाज 23. आग की लपट, ज्वाला 24. झगड़ा, तकरार 25. हीरा।

**ऊपर से नीचे**

1. दोषी, अपराधी 3. ताश में नौ अंक वाला पत्ता 4. झंडा, पताका 5. गहरा कीचड़, पंक 7. बूंद, अंश 9. मृत्यु के देवता 13. संसार, दुनिया, जग 14. हुज़ूर, जनाब, सम्मान सूचक एक शब्द (उ.) 16. सच्चा, धर्मनिष्ठ, ईमानवाला 17. अनूठा, बांका, अनुपम, छैला 18. आश्रय, शरण 19. साधुवाद, प्रशंसा 20. पटवारी की ऐसी बही जिसमें खेत संबंधी अनेक बातें लिखी जाती है, एक प्रकार का दानेदार संक्रामक रोग 23. गम, मातम, दुख।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 155 का हल**



## सू- दोकू क्र.156

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | | 1 | | 5 | |
| 6 | | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | 3 | | | | 2 | | 1 | |
| | | 3 | | 9 | | 5 | | 4 |
| 5 | | | 3 | | | | 9 | |
| | | 4 | | 2 | | | | 6 |
| 4 | | | 2 | | 3 | | 6 | |
| | | 6 | | | | 8 | | 7 |
| | 2 | 9 | 7 | | 6 | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र155 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 3 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 6 | 5 | 9 | 3 | 4 | 7 | 6 |
| 4 | 7 | 8 | 1 | 6 | 2 | 3 | 5 | 9 |
| 3 | 6 | 1 | 8 | 5 | 9 | 2 | 4 | 7 |
| 8 | 5 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 4 | 2 | 1 | 6 | 8 | 3 | 5 |
| 6 | 4 | 7 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 | 3 |
| 1 | 8 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 | 2 |
| 9 | 2 | 3 | 6 | 8 | 5 | 7 | 1 | 4 |

## सामयिक कहानी

# मौन का महत्व

बानी बोले - ''गजाधर!
आज इस खबर ने हमें बड़ा खुश किया।
सुनिए, अमेरिका के
आर्थिक आपातकाल संबंधी
कानूनी प्रावधनों का इस्तेमाल कर,
राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के
शासकीय आदेशों के तमाम देशों के माल पर,
लगाए गए तरह-तरह के आयात शुल्क को,
अमेरिका की एक संघीय अपीलीय अदालत ने
अधिकारों का उल्लंघन करार देते हुए
उन्हें गैर कानूनी कर दिया।
अब हमें उत्सुकता है गजाधर !
ट्रम्प टैरिफ को
अमेरिकी कोर्ट के गैर कानूनी करार दिए जाने पर,
प्रधानमंत्री मोदी जी क्या कहते हैं।
गजाधर मुस्कराए बोले - ''बानी!
मोदीजी में बड़ी शालीनता है।
वे ट्रम्प को या ट्रम्प टैरिफ के बारे में
सीधा-सीधा कुछ नहीं कहते हैं।
चुप रहते हैं। देखो, राजनीति में कब क्या बोलना,
कब मौन हो जाना,
इसे मोदीजी बखूबी समझते हैं।
और बानी! तुम यह जान लो
बहुत बोलने वाला ट्रम्प
अकसर गड़बड़ा जाता है।
पर मोदी जी के मौन को,
समझने वाला ही समझ पाता है।''



गिरीश बख्शी

## लघुकथा

# गणेश जी के मुसवा

तय बने करेस राम, मोला मुसवा बनाय।
घुम-घुम के खवई मोला, उछलत-कूदत भाय।।
तय बने करेस...
मनखे मन राखे रहिथे, बने-बने चीज ल।
चना गंहु, राहेर तिली, अऊ मसुर बटरा बीज ल।
मोर मारे गए एक्को नइ बांचे, चाहे काहचो रखे लुकाय।।
तय बने करेस....
तिहार के रोटी पीठा ल, बहु धरे जतन के।
खायेव-खुंदेव मस्ती करेव, चलेव मैहर तन के।
बड़े फजर देखिन तो, जम्मो रहे उरकाय।,
तय बने करेस....
एक दिन मोला धांधे बर, मढ़ाय रिहिस फांदा।
बढ़िया गुरतुर मीठ-मीठ, गुंथे राहे कांदा।
मैहर तो बोचक गेंव जी, भईया ल ठठाय।।
तय बने करेस....
कोनो चाहे कुछु काहे, मोर भाग हे जबर।
भगवान उही मिलथे, जेन मन रखथे सबर।
आसा तिंहा बासा कहिथे, पुरान म हवे लिखाय,
तय बने करेस....
गनेश जी हे मोर स्वामी, मय ह वोकर सवारी।
बड़का-बड़का कान हावे, पेट जेकर बर भारी,
दम्बोदर संग मुसवा मैं ह,
देवता बरोबर पूजाय,।।
तय बने करेस राम,
मोला मुसवा बनाय।।



आनंदराम सार्वा 'अनंत'
कु.बो.भाठागांव (राज.)

## राशिफल



**मेष**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आप अपने काम को परफेक्ट तरीके से करेंगे, जिससे बॉस आपकी तारीफ करेंगे। आज आपके रोजगार से जुड़े कार्यो को सफलता मिलेगी, जिससे आपकी आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी। आज आप दोस्तों के साथ पिकनिक मनाने जा सकते हैं, आपको अच्छा लगेगा। आज आप अपने घर का माहौल शांत और सौम्य बनाने का प्रयास करेंगे।



**वृष राशि**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। आज आपकी व्यावसायिक गतिविधियां सुचारू रूप से चलती रहेंगी और आपके व्यापारिक रिश्ते भी मजबूत बनेंगे। आज आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। इस राशि के म्यूजिक इंडस्ट्री से जुड़े व्यक्तियों को आज किसी बड़े मंच के माध्यम से पहचान मिलेगी, जो आपके करियर को लेकर आगे जाएगी। स्वास्थ्य के लिहाज से आज का दिन ठीक रहेगा।



**मिथुन**

आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहने वाला है। आज आप अपने जीवन को सही दिशा में लेकर जायेंगे और आपको जल्द ही अच्छे रिजल्ट्स मिलेंगे। आज आपको बड़ों का सानिध्य मिलेगा और घर में सुख सुविधा संबंधी वस्तुओं की खरीदारी भी रहेगी। इस राशि के सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्तियों को आज प्रमोशन मिलने की संभावना है। आज आप भविष्य को लेकर कुछ योजनायें बनायेंगे।



**कर्क**

आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। आज ऑफिस में आपके परफॉरमेंस की तारीफ होगी और जूनियर भी आपसे सीखने का प्रयास करेंगे। आज बिजनेस के रुके हुए काम पूरे करने में सफलता मिल सकती हैं, जिससे आप अन्य कार्यों की भी योजना बनायेंगें। इस राशि के सामाजिक कार्यों में कार्यरत व्यक्तियों को जरुरतमंदों की मदद करने का मौका मिलेगा।



**सिंह**

आज का दिन व्यस्तता से भरा रहने वाला है। आज आप अपने बिजनेस में कुछ परिवर्तन करने का प्लान बनायेंगे, जिसका आपको भविष्य में अच्छा लाभ मिलेगा। आज आप नयी योजनाओं को लेकर काफी उत्साहित रहेंगे। आज पारिवारिक तथा सामाजिक गतिविधियों में भी आपका योगदान रहेगा। आज आपका मन आध्यात्मिक कार्यों में ज्यादा लगेगा, जिससे आपको मानसिक शांति मिलेगी।



**कन्या**

आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको रोजगार में नए अवसर प्राप्त होंगे, जिनका लाभ लेकर आप कारोबार में वृद्धि कर सकते हैं। आज काम को लेकर दौड़ -भाग रहेगी लेकिन कलीग की सहायता से सारा काम कम्पलीट हो जायेगा। आज संतान को उन्नति मिलने से आपका मन प्रसन्न रहेगा और दाम्पत्य जीवन भी खुशहाल बना रहेगा।



**तुला**

आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप किसी काम के सिलसिले में पिता से बात करेंगे, जिसमें वो आपका पूरा सहयोग देंगे। आज आप पारिवारिक जिम्मेदारियों को निभाने में सफल रहेंगे, किसी रिश्तेदार के आने से घर का माहौल खुशहाल रहेगा। आज इस राशि की महिलाएं घर -परिवार की जिम्मेदारियों को सँभालते हुए, किसी काम की शुरुआत करेंगी और उसमें सफल भी होंगी।



**वृश्चिक**

आज का दिन आपके लिए उत्तम बना रहेगा। आज आप अपने पूरे दिन के टारगेट बनाकर काम करेंगे, जिससे आपके ज्यादा से ज्यादा काम बनेंगे। आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपकी छवि अच्छी बनेगी जिसका लाभ आपको जल्द ही मिलेगा। आज आपके किसी काम में थोड़ी उलझन रह सकती है, लेकिन आप अपनी मेहनत और सूझ -बूझ से सब ठीक का कर लेंगे।



**धनु**

आज का दिन आपके लिए ठीक -ठाक रहने वाला है। आज आप प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करने का मन बनायेंगे और आपको किसी करीबी के माध्यम से अच्छी डील भी मिलेगी। आज किसी भी काम में की गई मेहनत का उचित परिणाम हासिल होंगाऔर आप दूसरों से भी अपना काम निकलवाने में सफल रहेंगे। इस राशि के स्टूडेंट्स को शिक्षा व करियर से संबंधित समस्याओं से राहत मिलेगी।



**मकर**

आज का दिन आपके लिए बहुत अच्छा रहने वाला है। आज आपकी अधिकतर योजनायें सफल रहेंगी और आपका आत्मविश्वास भी बढ़ेगा। आज आपका दाम्पत्य जीवन खुशहाल रहेगा, बड़ों का आशीर्वाद प्राप्त होगा। आज आप अपने ऑफिस से जुड़े सारे काम निपटाने लेंगे, जिसमें कलीग भी आपकी मदद करेंगें। इस राशि के बिजनेस मैन आज बड़ा मुनाफा कमायेंगे, जिससे आपको खुशी मिलेगी।



**कुंभ**

आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज आप अपने कर्तव्यों को अच्छे से निभायेंगे, परिवार में सब आपकी तारीफ करेंगे। आज आप काम में थोड़ा ज्यादा बिजी रहेंगे, इसलिए आपको थकान महसूस हो सकती है। आज आप निकट करीबियों से मुलाकात करेंगें उनसे मिलकर आपको खुशी होगी। आज आपका मन रचनात्मक चीजों में लगेगा, आपके मन में नए-नए विचार आएंगे।



**मीन**

आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके जरूरी और महत्वपूर्ण कार्य बनेंगे, जिससे आपका आत्मबल मजबूत होगा। आज आप दुकान या मकान से रिलेटेड कोई काम शुरू करवा सकते हैं। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने जायेंगें और बच्चों के लिए कुछ गिफ्ट खरीदेंगे, जिससे वे खुश हो जायेंगे। आज आपकी शारीरिक समस्याएं दूर होंगी, आप खुद को एनर्जी से भरपूर पायेंगे।

# जल संरक्षण की अनोखी पहल, जिले में 'बोरी बंधन' कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**0 कार्यक्रम के तहत अब तक 30 से अधिक नालों में किया गया बोरी बंधन कार्य**
**0 जल संरक्षण के लिए सकारात्मक कदम, जिला प्रशासन ने की जन सहभागिता की अपील**

मोहला (दावा)। जिला पंचायत के नेतृत्व में पंचायत एवं विकास विभाग द्वारा जल संरक्षण के क्षेत्र में जिले में अनोखी पहल करते हुए मोर गांव-मोर पानी अभियान के अंतर्गत गत दिवस जिले में बोरी बंधन कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिले में बोरी बंधन कार्यक्रम के तहत अब तक 30 से अधिक नालों में बोरी बंधन कार्य किया जा चुका है, जिनमें मुख्य रूप से द्वितीय एवं तृतीय श्रेणी की धाराएँ शामिल हैं। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधि, युवा, महिलाएँ एवं ग्रामीणजन बड़ी संख्या में शामिल होकर श्रमदान के माध्यम से जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे है। बोरी बंधन तकनीक से वर्षा जल का प्रभावी संरक्षण, भू-क्षरण की रोकथाम, भू-जल स्तर में वृद्धि तथा सिंचाई क्षमता का विस्तार संभव होगा। जिला प्रशासन ने जल संरक्षण में जनभागीदारी की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत चलाए जा रहे बोरी बंधन कार्यक्रम में जल संरक्षण केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि यह प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। जिसमें सभी की सहभागिता आवश्यक है।

जनसहभागिता से लोगों में जागरूकता और जिम्मेदारी बढ़ती है। वहीं जब समाज स्वयं योगदान देता है तो जल संरक्षण कार्यों का दीर्घकालिक स्वामित्व और संरक्षण सुनिश्चित होता है। साथ ही सामुदायिक श्रमदान से कम लागत में सकारात्मक परिणाम संभव होते है। जल संरक्षण की जिम्मेदारी सबकी है। स्थानीय लोग अपनी भौगोलिक परिस्थितियों के अनुरूप स्थायी समाधान कर सकते हैं। बोरी बंधन जैसे प्रयास सामुदायिक एकजुटता का उदाहरण हैं, जो आने वाली पीढ़ीयों के लिए सुरक्षित जल उपलब्ध कराने में मददगार सिद्ध होगा। जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक लोगों को कार्यक्रम में जुड़ने एवं जल संरक्षण में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की अपील की है। इस जन-अभियान को सितंबर माह के अंत तक निरंतर जारी रखने का लक्ष्य रखा गया है। स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी से यह पहल जिले में जल संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण सामूहिक कदम साबित होगा।

## सरपंच प्रतिनिधि की दबंगई, पद और पावर का दबाव बनाकर कोटवार महिला से छेड़छाड़

गंडई (दावा)। गंडई थाना क्षेत्र में गांव की कोटवार महिला के साथ छेड़छाड़ और जबरन संबंध बनाने की कोशिश का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीड़िता ने खैरागढ़ पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत देकर ग्राम के ही केशव साहू पिता रामाधार साहू पर गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी पिछले कई महीनों से उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। महिला के अनुसार आरोपी बार-बार उसके घर घुसकर संबंध बनाने के लिए दबाव डालता है। फोन पर लगातार परेशान करता है और मना करने पर गांव की पंचायत बैठकों में सार्वजनिक रूप से बेइज्जत करता है। महिला ने यह भी बताया कि आरोपी की पत्नी जो सरपंच है अपने पद का दुरुपयोग करते हुए उसे गांव के सामने अपमानित करती है। आवेदिका ने पुलिस को बताया कि वह ग्राम कोटवार होने के नाते उसके घर पर लोगों का आना-जाना स्वाभाविक है लेकिन आरोपी इसी बहाने उसे बदनाम करने और गांव में रहने न देने की धमकी देता है। महिला ने कहा कि उसकी तीन बेटियां भी आरोपी की धमकियों से डरी-सहमी रहती हैं और घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। गंभीर आरोपों को देखते हुए थाना गंडई पुलिस ने मामले की जांच करते हुए आरोपी केशव साहू के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 74, 75(1)(1) के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है।

# खैरागढ़ जिला का एक ऐसा गांव है, जहां नहीं रखते गणेश की मूर्ति

(यतेंद्र जीत सिंह 'छोटू')



खैरागढ़ (दावा)। पूरे देश में गणेश चतुर्थी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और धूमधाम से मनाया जा रहा है, जहां हर घर और हर गली, मोहल्ले में गणपति बप्पा मोरया की गूंज सुनाई देती है, वहीं खैरागढ़ ज़िले का एक ऐसा गांव है, जहां इस पर्व की परंपरा बिल्कुल अलग है। ग्राम गोपालपुर खुर्द (सिंगारपुर के पास) में गणेश चतुर्थी पर नई प्रतिमा की स्थापना नहीं की जाती।

### दो सौ साल पुरानी प्राचीनकाल के समय से विराजित हैं अष्टभुजी गणेश भगवान की मूर्ति

खैरागढ़ जिले में गणेश चतुर्थी पर जहां हर घर और हर गली, मोहल्ले में गणपति बप्पा मोरया की गूंज सुनाई देती है, वहीं खैरागढ़ जिले का एक ऐसा भी गांव है, जहां इस पर्व की परंपरा बिल्कुल अलग है। जिले के सिंगापुर के पास ग्राम गोपालपुर खुर्द में गणेश चतुर्थी पर नई प्रतिमा की स्थापना नहीं की जाती। गांव में पहले से स्थापित है, दो सौ साल पुरानी अष्टभुजी गणेश की प्रतिमा ही ग्रामीणों की आस्था का केंद्र है। मान्यता है कि जिसने भी यहाँ नई प्रतिमा स्थापित की है, उसके साथ अप्रिय घटनाएँ घटीं है। इसी कारण आज तक यह परंपरा कायम है।

### धार्मिक आस्था और परंपरा का संगम

गांव के लोग बताते हैं कि वे गणेश चतुर्थी के दिन नई प्रतिमा नहीं रखते, बल्कि प्राचीन प्रतिमा की विशेष पूजा-अर्चना और आरती करते हैं। उनके अनुसार यही गणेश भगवान की आज्ञा और गांव की अटूट मान्यता है।

## पहला कॉलम...

### कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव से गंडई कार्यकर्ताओं ने की मुलाकात



गंडई पंडरिया (दावा)। नगर पंचायत गंडई में राज्य सरकार की कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव का आगमन रहा। गजेंद्र यादव गंडई की विश्राम गृह पहुंचे जहां पर भाजपा मंडल के कार्यकर्ताओं ने मुलाकात किये। इस मुलाकात के बीच कार्यकर्ताओं ने मंत्री यादव से नगर विकास पर चर्चा किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष राकेश ठाकुर, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि खमन ताम्रकार, जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल, मंडल उपाध्यक्ष रवि भावनानी, भाजपा पिछला वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लेख राम साहू, मंगलचंद जैन, टेकन देवांगन, जनपत पंचायत उपाध्यक्ष राजू जंघेल, कृष्णा मानिकपुरी, लीलाराम साहू, चोवाराम साहू, रामू मरकाम, युवा मोर्चा अध्यक्ष भानु साहू, अन्य पिछला वर्ग मोर्चा अध्यक्ष लेखराम साहू, जितेंद्र पटेल, पार्षद राकेश निषाद, पार्षद यतीश कुंजाम, योगेश साहू सहित अन्य बीजेपी कार्यकर्ता शामिल थे।

### आज जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु क्षेत्र के विभिन्न आयोजन में होंगी शामिल



राजनांदगांव (दावा)। डोंगरगांव गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर जगह-जगह पर गांव-गांव गली-गली में विघ्नहर्ता भगवान श्री गणेश का पंडाल लगाकर प्रतिमा स्थापित की गई है। राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति श्रीमती जागृति चुन्नी यदु आज 1 सितंबर को डोंगरगांव विधानसभा की विभिन्न ग्रामों में सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं भगवान श्री गणेश विघ्नहर्ता के पंडाल पहुंचकर पूजा अर्चना करेगी। डोगरगांव विधानसभा के अंतर्गत आने वाले ग्राम गिरगांव, दीवानभेडी, पेंडरवानी, दीवानझिटिया, जारवाही सहित क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में दौरा करेगी। जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु के साथ डोंगरगांव जनपद अध्यक्ष श्रीमती रंजीता पडोती, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजू यादव, श्रीमती मनीषा पटेल जनपद सदस्य, कुमान नेताम जनपद सदस्य एवं अन्य भाजपा कार्यकर्तागण, ग्रामीणजन शामिल होंगे।

### आर्यन गणेश उत्सव समिति द्वारा 3 को महाआरती एवं भंडारा

डोंगरगढ़ (दावा)। आर्यन गणेश उत्सव समिति भारतमाता चौक भगत सिंह वार्ड डोंगरगढ़ के तत्वावधान में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 3 सितंबर 2025 बुधवार को महाप्रसादी (भंडारा) और महाआरती का आयोजन किया गया है। भंडारा का समय शाम 7 बजे से रखा गया है। आयोजन समिति द्वारा भक्तजनों से महाप्रसादी ग्रहण करने की अपील की गई है।

### डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लड़ाई-झगड़ा कर शांति भंग करने वालों के विरुद्ध की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही



**आरोपी पर की गई प्रतिबंधात्मक कार्यवाही**

डोंगरगढ़ (दावा)। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगढ़ निरीक्षक उपेन्द्र कुमार शाह द्वारा थाना क्षेत्र में अपराध के रोकथाम हेतु एवं शहर में शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द्र बनाये रखने हेतु अपने टीम के साथ लगातार गस्त पेट्रोलिंग कर अवैध गतिविधियों एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रख रही है। अनावेदक पवन यादव पिता राजकुमार यादव उम्र 26 साल निवासी ब्राम्हण पारा डोंगरगढ़ के द्वारा 31 अगस्त को लगभग 11:45 बजे अपने मोहल्ला ब्राम्हण पारा डोंगरगढ़ के पास शांति भंगकर रहा था एवं मारने-पीटने पर उतारू हो गया था सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंचकर पुलिस के समझाने पर भी नहीं मानने पर अनावेदक के विरूद्ध धारा- 170, 125, 135(3) बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। थाना डोंगरगढ़ पुलिस द्वारा लगातार अपराधिक प्रवृत्ति के लोगों, बदमाशों, असामाजिक तत्वों, संदेहीयों पर नजर रख रही है, यदि कोई थाना क्षेत्र में शांति भंग करता है या कोई अपराध घटित करता है तो उस पर तत्काल वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

# 'दीदी के गोठ' दीदीयों की कहानी, उन्हीं की जुबानी-किरण रविन्द्र वैष्णव



छुरिया (दावा)। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा ग्रामीण महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में शुरू की गई नई पहल 'दीदी के गोठ' रेडियो कार्यक्रम का आज शुभारंभ हुआ। यह कार्यक्रम सभी आकाशवाणी केंद्रों से प्रसारित हुआ, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती किरण रविन्द्र वैष्णव ने महतारी आजीविका संकुल संगठन की हमारी दीदियों के साथ मिलकर श्रवण किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन की सरकार ने छत्तीसगढ़ की ग्रामीण महिलाओं को सामाजिक, आर्थिक और पारिवारिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाया है। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत तैयार विशेष रेडियो कार्यक्रम 'दीदी के गोठ' का शुभारंभ किया गया है।

कार्यक्रम के इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, भारत सरकार के केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा राज्य के उप मुख्यमंत्री एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री विजय शर्मा द्वारा ग्रामीण महिलाओं के नाम विशेष संदेश और प्रेरणादायी शुभकामनाएँ प्रसारित की गई। यह अवसर न केवल एक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ बल्कि शासन की नीतियों और योजनाओं को सीधे जनता तक पहुँचाने का एक सशक्त माध्यम भी बनेगा। हर महीने के अंतिम रविवार को रेडियो के माध्यम से हर आकाशवाणी केन्द्र से 'दीदी के गोठ' कार्यक्रम का प्रसारण किया जाएगा, जिससे निश्चित रूप से बिहान महिला समूह के दीदीयों के द्वारा किये जा सकें। कार्यो की छत्तीसगढ़ प्रदेश समेत पूरे देश के लोगों को जानकारी होगी। इस अवसर पर दुर्गा सिन्हा पीआरपी, प्रीति चंद्रवंशी लेखपाल, मेनका साहू, टुमेश्वरी साहू, खिलेश्वरी सिन्हा, कीर्ति साहू, भारती कंवर, दीपा सिन्हा, रेवती कंवर सहित सैकड़ों की संख्या में महिलाएं उपस्थित थीं।

# रानीमंदिर में 'राधा अष्टमी' धूमधाम से मनाया गया



छुईखदान (दावा) छुईखदान रानी मंदिर में 31 अगस्त रविवार को भादो शुक्ल पक्ष अष्टमी पर बृज के रावल गांव में जन्मी वृषभानु की दुलारी मां राधारानी जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। रानी मंदिर समिति संरक्षक लतारानी लाल जे. के. वैष्णव ने जानकारी दी कि राधाअष्टमी के शुभ दिन मंदिर परिसर को सजाकर चारों कोने दीपक जलाकर राधे-राधे उद्घोष भजन गाते, आतिशबाजी, शंख ध्वनि, घंट ध्वनि से मां राधारानी की आरती पूजा श्रीफल भेंट कर भोग लगाकर जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।

इस अवसर पर भजन कीर्तन में वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे के वैष्णव ने बताया कि पुराणों के अनुसार वृषभानु की लाडली राधारानी भगवान श्री कृष्ण की आत्मा है। इसी कारण भक्त जन सीधी भाषा में भगवान श्री कृष्ण जी को राधारमण कहकर पुकारते एवं नाम जपते पूजा करते हैं। शहर के सभी मंदिरों में मां राधारानी जन्मोत्सव मनाते हुए मंदिर परिसर राधे-राधे उद्घोष से गुंजायमान रहा। राधा अष्टमी जन्मोत्सव पर अनिल पुजारी, सुप्रिया सचिन महोबिया, नेहा मुकेश महोबिया, पार्तिका संजय महोबिया, दिनेश महोबिया, शिवेन्द्र किशोर दास अधिवक्ता, योगेश नागेश महोबिया, सौरभ, शरद डब्बू श्रीवास्तव, पीयूष, प्रहलाद महोबिया, पं अरविन्द शर्मा, जितेन्द्र देवांगन, कमलेश यादव दुर्गा यादव, लल्ला जितेन्द्र किशोर वैष्णव, संजय लल्ला, राधे प्रेम मानिक श्रीवास, लल्ला मनोज वैष्णव, महेश राजकुमार वैष्णव, कपिल फोटोग्राफर, दीपक दिलीप वैष्णव, दीपक यादव, गायत्री महोबिया, डीके निशा नामदेव, बिट्टी बन्नो, मंगलीन यादव, भूमिका पायल यादव, न्यु म्यूजिकल आर्केस्ट्रा ग्रुप के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में भक्त जन उपस्थित रहे। मां राधारानी जन्मोत्सव पर भजन कीर्तन में गायिका सोनम धीवर गुण्डरदेही ने भक्तों को मंत्रमुग्ध कर थिरकने, नृत्य करने मजबूर कर दिया, सभी भक्त जन विशेष रूप से महिलाओं ने बहुत भक्ति नृत्य किया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। मां राधारानी वेशभूषा में छात्राएं प्रस्तुति दी।

## चर्चित मुख्यमंत्री में दूसरे स्थान पर विष्णुदेव साय, जनता का भरोसा बढ़ा- शेड़ो विधायक खुज्जी गीता घासी साहू



राजनांदगांव (दावा)। इंडिया टुडे के सर्वे में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। उन्हें 41.9 प्रतिशत वोट मिले हैं और वे देश के बड़े राज्यों में लोकप्रियता के मामले में दूसरे स्थान पर रहे। इस उपलब्धि पर भाजपा कार्यकर्ताओं और नेताओं ने हर्ष जताया और प्रदेश की जनता का आभार व्यक्त किया।

खुज्जी विधानसभा के शेड़ो विधायक गीता घासी साहू ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय लगातार जनता की कसौटी पर खरे उतर रहे हैं। उनके नेतृत्व में भाजपा ने लोकसभा, उपचुनाव, नगर निगम और पंचायत चुनावों में सफलता पाई है। अब सर्वेक्षण में भी उन्होंने छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार और शिकायत निवारण शिविरों के माध्यम से सरकार ने आम जनता से सीधा संवाद स्थापित किया और त्वरित समाधान देकर भरोसा जीता। ई-ऑफिस प्रणाली, भ्रष्टाचार पर रोक और पारदर्शी भर्ती प्रक्रिया से प्रशासनिक कार्यों में तेजी और पारदर्शिता आई है।

सर्वे में बताया गया है कि फरवरी 2025 की तुलना में अगस्त 2025 में मुख्यमंत्री की लोकप्रियता में 2.9 प्रतिशत अंकों की वृद्धि दर्ज की गई है। यह जनता के बीच बढ़ते भरोसे का स्पष्ट संकेत है। मोदी की गारंटी योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, महतारी वंदन और कृषक उन्नति योजना ने गरीबों, महिलाओं और किसानों को सीधा लाभ पहुंचाया है। युवाओं के लिए रोजगार सृजन और निवेश के अवसरों ने विकास की नई उम्मीदें जगाई हैं। मुख्यमंत्री का हाल ही में हुआ जापान और दक्षिण कोरिया का निवेशक दौरा भी महत्वपूर्ण साबित हुआ। इससे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ को नई पहचान मिली और खाद्य प्रसंस्करण, इलेक्ट्रॉनिक्स और औद्योगिक सहयोग की दिशा में समझौते हुए। वहीं, सड़कों, पुलों, सिंचाई और बिजली जैसी आधारभूत संरचना की परियोजनाओं ने प्रदेश के विकास को गति दी है। जनता से जुड़े रहने और सांस्कृतिक आयोजनों में सक्रिय भागीदारी ने मुख्यमंत्री को और लोकप्रिय बनाया है। तीजा-पोरा महोत्सव, रजत जयंती महोत्सव और स्वच्छता संगम जैसे कार्यक्रमों में उनकी उपस्थिति से लोगों का भावनात्मक जुड़ाव बड़ा है।

## बिडोरी में गणेशोत्सव के अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में शताक्षी देवव्रत सिंह ने की ग्रामवासियों से सीधी मुलाकात



### शताक्षी देवव्रत सिंह का ग्रामवासियों से सीधी मुलाकात, समस्याओं का समाधान करने का वादा

खैरागढ़ (दावा)। गणेशोत्सव के पावन अवसर पर ग्राम बिरोडी में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य शताक्षी देवव्रत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुईं। इस कार्यक्रम में जनपद सदस्य उमेश वर्मा, सरपंच आशीष राजपूत, मन्नू वर्मा, कृष्ण कुमार, बबला वर्मा, लीलाधर साहू, रूप राजपूत, अनिल साहू सहित ग्राम पंचायत के सदस्य और नवयुवा गणेश समिति के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी भी इस आयोजन में सम्मिलित हुए।

कार्यक्रम के दौरान जिला पंचायत सदस्य राजकुमारी शताक्षी देवव्रत सिंह ने अपने उद्बोधन में ग्राम विकास की दिशा में और अधिक मेहनत करने की बात कही। उन्होंने कहा कि ग्राम बिडोरी को नई ऊंचाइयों तक ले जाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने आयोजन समिति को धन्यवाद अर्पित किया और उनके समर्पण को सराहा।

शताक्षी ने ग्रामवासियों से सीधी मुलाकात की और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उनके गांव में सड़क, पानी, स्कूल संबंधित या अन्य किसी प्रकार की कोई समस्या तो नहीं है। इस दौरान शताक्षी ने ग्रामवासियों से यह भी कहा, 'मैं हर कदम पर आपके साथ हूं।। अगर आपको किसी भी प्रकार की परेशानी हो, तो आप मुझसे सीधे संपर्क कर सकते हैं।' ग्रामवासियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को शताक्षी के सामने रखा और उनके समाधान के लिए चर्चा की। इस दौरान शताक्षी ने ग्राम बिडोरी के विकास के लिए अपने प्रयासों को और तेज करने का आश्वासन दिया।

# विसर्जन और ईद मिलादुन्नबी पर्व को लेकर नगर पंचायत के सभागार में हुई शांति समिति की बैठक



**0 डीजे बजाने वाले को नहीं मिलेगी अनुमति, समिति द्वारा वाद विवाद की स्थिति में होगी कार्यवाही**
**० बदमाश और क्रिमिनल व्यक्ति को विसर्जन के दौरान बाहर रखने की अपील**

गंडई पंडरिया (दावा)। अगले माह सितंबर में पड़ने वाले मुस्लिम समाज के पवित्र पर्व ईद मिलादुन्नबी और उसके ठीक बाद पड़ने वाले गणेश विसर्जन के दौरान किसी भी प्रकार के अप्रिय और वाद विवाद नहीं करने साथ ही त्योहार/पर्व को शांति से मनाने को लेकर नगर पंचायत सभागार में कल शनिवार 30 अगस्त को दोपहर 11 बजे शांति समिति की बैठक आहूत की गई थी, जिसमे अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अविनाश ठाकुर नगर पंचायत सीएमओ अविनाश देवांगन सहित नगर पंचायत अध्यक्ष, पार्षद और नगर के विभिन्न राजनीतिक दलों के व्यक्ति, गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी उपस्थित रहे। शांति समिति की बैठक में विसर्जन के दौरान समिति को डी.जे.बजाने वाले के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की चेतावनी दी गई है। डीजे बजाने पर किसी प्रकार का परमिशन नहीं देने की बात एसडीएम अविनाश ठाकुर ने कही है।

उसी प्रकार धुमाल और गड़वा बाजा बजाने को लेकर बात कही है, उसमें भी सुबह से शाम 7 बजे तक ही छूट मिलेगी। नियम के विरुद्ध कार्य करने पर कड़ी कार्रवाई की जानकारी दी गई। वहीं वार्ड क्रमांक 05 के युवा पार्षद अमन सोनी ने पुलिस की कार्यप्रणाली और वार्तालाप को लेकर थाना प्रभारी राजेश देवदास के सामने मौखिक शिकायत भी की गई, चालानी कार्रवाई के दौरान ड्यूटी में तैनात पुलिस जवान को असंयम और अभद्र व्यवहार को लेकर भी अपनी बातें रखी है। गंडई नगर में वार्ड क्रमांक 6 में एक युवा ऐसे भी है जो अपने आपको गुंडा मवाली कहकर खुलेआम दादागिरी करता है। ऐसे व्यक्ति माहौल खराब करने में लगा होता है, इस पर भी अपनी बातें रखी है।

जिस पर थाना प्रभारी देवदास ने ऐसे व्यक्ति को तत्काल गिरफ्तार किए जाने की बात कही है। वहीं बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष युवराज लाल टारकेश्वर शाह खुसरो ने भी पुलिस की 112 में रात्रिकालीन ड्यूटी में लगे जवानों की व्यवहार को लेकर भी शिकायत की गई है, जिस समय रात्रि में उनकी ड्यूटी लगाई जाती है वे स्वयं रात्रि में होश में नहीं रहते, ऐसी लगभग शिकायत सभी की है, जिसको मैं बोल रहा हूं। नगर के चौक चौराहों पर अवैध शराब पीना लोगों के लिए मुसीबत बन गया है, इस पर भी कार्यवाही हो, पुलिस का काम कानून व्यवस्था को बनाना होता है इस पर थाना प्रभारी ने अवैध शराब पर लगातार कार्यवाही होना बताया गया साथ ही इस समस्या को निराकरण करने की बात कही है।

बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुसरो, थाना प्रभारी राजेश देवदास, सीएमओ अविनाश देवांगन, वरिष्ठ कांग्रेसी अय्युब कुरैशी, विधायक प्रतिनिधि दामोदर जायसवाल, पार्षद राकेश निषाद, दिलीप ओगरे, अमन सोनी, तामेश्वर साहू, सुमन पाटले, श्यामपाल ताम्रकार, प्रकाश पटेल, पूर्व पार्षद नारायण चतुर्वेदी, विधायक प्रवक्ता अमित टंडन, सरपंच बोधन मेरावी, सहित गणेश उत्सव समिति के पदाधिकारी और नगर के लोग शामिल रहे।

## सी.सी. रोड निर्माण विकास कार्य के भूमिपूजन में शामिल हुए भोलाराम साहू



(राजेश मेश्राम)

जोंधरा(दावा)। विकासखण्ड छुरिया अंतर्गत ग्राम पंचायत शिकारीमहका में दिनांक 31 अगस्त को सी.सी.रोड निर्माण कार्य के भूमिपूजन कार्यक्रम के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में खुज्जी विधानसभा के विधायक भोलाराम साहू शामिल हुए। अपने उद्बोधन में श्री साहू ने ग्रामवासियों, आगंतुकों के सुगम आवागमन सुविधा के लिए बहुत-बहुत बधाई एवं शुभकामनाएं दी। स्वागत भेंट के लिए उन्होंने सभी का हृदय से आभार व्यक्त किया। इस दौरान राजू सिन्हा कार्यकारिणी ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छुरिया, प्रताप घावडे मंडल अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी उमरवाही, पूरन नेताम सेक्टर प्रभारी, रोशन साहू, श्रीमती शकुंन बडोले सरपंच, कुंदन बडोले, संदीप कुमार ग्राम पटेल, कुमान सिन्हा पंच, फग्गू राम धनकर, दिनेश साहू उप सरपंच, श्रीमती अश्वनी बाई पंच एवं समस्त पंचगण तथा ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# संस्कारधानी गरबा उत्सव 2025 का भूमिपूजन समारोह संपन्न



मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल बोले-निरंतर 9 वर्षों से आयोजन, कर्मठता का परिणाम

राजनांदगांव (दावा)। शहर का सबसे भव्य सांस्कृतिक आयोजन संस्कारधानी गरबा उत्सव 2025 का भूमि पूजन कार्यक्रम 28 अगस्त को संपन्न हुआ। यह आयोजन लखोली नाका, मठपारा रोड स्थित शिवनाथ वाटिका में शाम 4:30 बजे से आयोजित किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों और समिति सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुनील अग्रवाल ने इस गरिमामयी अवसर पर कहा, 'पिछले 9 वर्षों से निरंतर इस आयोजन को सफलतापूर्वक संचालित करना समिति के सदस्यों की मेहनत और लगन का परिणाम है। किसी भी कार्य को आरंभ करना सरल होता है, लेकिन उसे वर्षों तक बनाए रखना कठिन है। यह आयोजन न केवल सांस्कृतिक विरासत को संजोता है। बल्कि सामाजिक एकता का भी प्रतीक है। इस वर्ष भी यह आयोजन सांस्कृतिक गरिमा के साथ भव्य रूप में संपन्न हो, मेरी शुभकामनाएं समिति को हैं।' इस अवसर पर विशिष्ट अतिथियों में शरद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, सचिन अग्रहरि, अमित जैन और अनुराग अग्रवाल, हरिनारायण अग्रवाल, राजेश चोपड़ा उपस्थित रहे। सभी ने आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की।

### 10 दिनों का होगा आयोजन - कांत अग्रवाल

अध्यक्ष कांत अग्रवाल ने जानकारी दी कि, इस आयोजन की शुरुआत वर्ष 2016 में कुछ युवाओं द्वारा की गई थी। प्रारंभ में यह आयोजन 5-6 लोगों के सहयोग से शुरू हुआ था और आज यह एक सशक्त टीम वर्क के साथ भव्य रूप में सामने आ रहा है। इस बार छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े म्यूजिकल बैंड 'काफिला' को आमंत्रित किया गया है, जो अपनी प्रस्तुति से गरबा उत्सव को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष नवरात्रि 10 दिनों की होगी और केवल पारंपरिक वेशभूषा में ही गरबा करने की अनुमति दी जाएगी। उन्होंने कहा कि 'यह आयोजन केवल हमारी समिति का नहीं, बल्कि पूरे राजनांदगांव शहर का है। यह माता रानी की कृपा और राजनांदगांव की जनता के सहयोग का ही परिणाम है कि यह उत्सव साल दर साल और भव्य होता जा रहा है।

गौरतलब हो कि इस आयोजन में गरबा उत्सव 2025 के प्रमुख प्रायोजक एवं सहयोगी टाइटल प्रायोजक : सन ग्रुप-सुनील अग्रवाल, सह-प्रायोजकः वारू प्लाईवुड्स-अमित वारू, पार्वती ज्वेलर्स-धैर्य सोनी, पावर्ड बायः शाइन स्किन : डॉक्टर अनिमेष गांधी एवं डॉक्टर सुगंधा गांधी, सपोर्टेड बायः सौभाग्य कलेक्शन-सागर कोचर, सह-आयोजकः अखिल भारतीय अग्रवाल युवा सम्मेलन (ए.बी.वाई.ए.एस.), को-पावर्ड बायः त्रिपदा ग्रुप-अभिषेक ठक्कर, फूड पार्टनरः गोयल कैटरिंग-संतोष अग्रवाल, लाउंज पार्टनरः महावीर ग्रुप-विकास बोहरा है।

# मोहारा फ्लाईओवर के नीचे पानी पाउच और डिस्पोजल की गिलास की गंदगी फैली



राहगीरों गंदगी देख थू-थू करते गुजरते है

राजनांदगांव (दावा)। मोहारा फ्लाई ओवर के नीचे पानी पाउच और डिस्पोजल की गिलास की गंदगी रैली हुई है और वहा का माहौल लोगों को भयभीत करती है। राजनांदगांव प्रवेश करने पर से ही शराब की बदबू से आसपास के रहवासी भी परेशान होते रहते हैं।

साथ ही साथ राहगीर भी गंदगी को देखकर शहर के स्वच्छता पर संस्कारधानी के स्वच्छता पर कई सवाल नजर आ रही है। एक और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी स्वच्छता के प्रति लोगों को जागरुक करते हैं, लेकिन दूसरी ओर संस्कारधानी नगरी में प्रवेश करते ही लोगों को शराब की बदबू डिस्पोजल और पानी पाउच की गंदगी का नाजारा देखने को मिलता है और वहां पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लोगों को भयभीत करती है। लोग शराब का सेवन खुले आम करते नजर आते हैं। क्या इस जगह की साफ सफाई की जिम्मेदारी आखिर किसकी है।

# महंत राजा बलरामदास की पुण्यतिथि पर नया उद्योग खोलने की मांग

राजनांदगांव (दावा)। महंत राजा बलरामदास की पुण्यतिथि के अवसर पर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (छ.मु.मो.) के उपाध्यक्ष मेघदास वैष्णव ने राजनांदगांव में एक नया उद्योग स्थापित करने की मांग की है। 25 अगस्त को बलदेव बाग स्थित वैष्णव भवन में मेघदास वैष्णव ने अपने नाती धर्मेंद्र वैष्णव के साथ राजा बलरामदास की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।



### बीएनसी मिल के स्थान पर नया उद्योग

मेघदास वैष्णव ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि राजा बलरामदास ने शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, रोजगार और रेल जैसी सुविधाओं को बढ़ावा देकर राजनांदगांव को देश और प्रदेश में पहचान दिलाई थी। उन्होंने रोजगार के लिए अपनी जमीन दान में देकर बंगाल-नागपुर कॉटन (बीएनसी) मिल की स्थापना की। जिससे हजारों लोगों को रोजगार मिला और स्थानीय अर्थव्यवस्था में सुधार हुआ। वैष्णव ने आरोप लगाया कि केंद्र और राज्य सरकारों की गलत नीतियों के कारण वर्ष 2002 में इस प्रतिष्ठित मिल को बंद कर दिया गया। जिससे हजारों मजदूर बेरोजगार हो गए। उन्होंने इसे संस्कारधानी की जनता के साथ विश्वासघात बताया।

मेघदास वैष्णव ने राज्य सरकार और जिला प्रशासन से निम्नलिखित मांगें भी की हैं : राजा बलरामदास के नाम पर सरकारी भवनों और चौक-चौराहों का नामकरण किया जाए। उनकी प्रतिमाएं स्थापित की जाएं। मंदिरों और मठों की देखभाल सुनिश्चित की जाए। राजगामी संपदा में वैष्णव समाज के अध्यक्ष की नियुक्ति की जाए। बीएनसी मिल के स्थान पर एक नया उद्योग स्थापित कर हजारों शिक्षित बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएं। जिससे राजनांदगांव की अर्थव्यवस्था में सुधार हो सके।

# हिंदू जागरण मंच की कार्यकारिणी का विस्तार



राजनांदगांव (दावा)। हिंदू जागरण मंच की जिला स्तरीय बैठक माहेश्वरी भवन में संपन्न हुई। जिसमें संगठन की राजनांदगांव इकाई का विस्तार किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को विभिन्न मुद्दों पर जागरूक करना और समाज में सद्भाव बनाए रखना।

बैठक में हिंदू समाज की सुरक्षा और जागरूकता पर कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। कार्यकर्ताओं को प्रत्येक विकासखंड, मंडल और बस्तियों में जाकर समाज की बैठकें आयोजित करने की जिम्मेदारी दी गई। इसका उद्देश्य 'लव जिहाद' जैसे मुद्दों से बेटियों को बचाना और हिंदू समाज को जागृत करना है। यह भी तय किया गया कि यदि किसी भी हिंदू भाई को कोई समस्या आती है, तो मोहल्ले स्तर पर ही सब मिलकर उसे हल करने का प्रयास करें। बैठक में यह संदेश दिया गया कि सभी हिंदू आपस में भाई हैं और यह भावना हर हिंदू के मन में जागृत होनी चाहिए।

जिला प्रभारी रामबिहारी मिश्रा की सहमति से कुछ नए दायित्वों की घोषणा की गई। जिसमें महिला आयाम की जिला प्रमुख : मौसमी शर्मा, महिला आयाम की जिला कार्यकारिणी : मीना पांडे, ममता शर्मा, ममता सोनी, सुधा पवार, महिला आयाम की नगर प्रमुखः संगीता शुक्ला, नगर कार्यकारिणी : कमलेश्वरी साहू, प्रतिभा साहू, जमुना साहू, रंजना शर्मा, राजनांदगांव विकासखंड संयोजक : ऋषभ मल, राजनांदगांव जिला सक्षम केंद्र प्रभारी : देवेश वैष्णव आदि की घोषणा की गई। बैठक में सुशील लड्ढा, प्रवीण शर्मा, दिनेश झूलन, हरीश भानुशाली, गोविंद साहू, रोहित शर्मा, हेमलाल ढीमर सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शासकीय दिग्विजय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मनाया खेल दिवस



मेजर ध्यानचंद हमेषा अनुकरणीय रहेंगे - डॉ. सुचित्रा गुप्ता

राजनांदगांव (दावा)। शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय में खेल दिवस पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में भूषण साव प्राचार्य ठाकुर प्यारेलाल स्कूल राजनांदगांव थे। कार्यक्रम का प्रारंभ मेजर ध्यानचंद के चित्र पर माल्यार्पण से प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में मेजर ध्यानचंद के जीवन को वृतचित्र के रूप में दिखाया गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि मेजर ध्यानचंद की जीवनी प्रेरणादायक रही। सेना में एक सैनिक के रूप में सेवा करते हुए भी उन्होने हॉकी को अपना खेल के रूप में चुना साथ ही अपने दमदार प्रदर्शन से सन् 1928, 1932 एवं 1936 के ओलंपिक खेल में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे हमेशा खेल जगत में याद रहेंगे। मुख्य वक्ता भूषण साव ने कहा कि सरकार द्वारा मेजर ध्यानचंद की जयंती को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय बहुत अच्छा है। मेजर ध्यानचंद के अंदर देशप्रेम की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। उन्हें जब हिटलर द्वारा भारत छोड़कर जर्मनी आकर खेलने पर फील्ड मार्शल पद देने की पेशकश की गई तो उन्हे उसे ठुकरा दिया था। उनका जीवन खेल के प्रति समर्पित था। हमे उन्हें आदर्श बनाना चाहिए। कार्यक्रम का संचालन करते हूए डॉ. शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि सन् 2012 से मेजर ध्यानचंद के जन्मदिन को खेल दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया गया था। खेल जीवन का अभिन्न अंग है, सरकार ने फाट इंडिया की बात भी कहा है। जीवन में खेलों का शारीरिक, मानसिक और सामजिक विकास में बहुत महत्व है। हॉकी के क्षेत्र में मृणाल चौबे, रेणुका यादव, ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन किया है।

# हीरो एशिया कप कोरिया-मलेशिया मैच में फिरोज अंसारी अतिथि के रूप में हुए शामिल



हीरो ऑफ द मैच बांग्लादेश के अब्दुल्लाह मोहम्मद को पुरस्कृत किया

राजनांदगांव (दावा)। बिहार के राजगीर मे आयोजित हीरो एशिया कप के पहले दिन बांग्लादेश ने चीन-ताईपे को 7-2 से हराकर शानदार जीत दर्ज की। इस मैच में हॉकी इंडिया के जॉइंट सेक्रेटरी फिरोज अंसारी और राजगीर के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने बतौर अतिथि उपस्थित होकर खिलाड़ियों से मुलाकात की।

फिरोज अंसारी ने बांग्लादेश के खिलाड़ी अब्दुल्लाह मोहम्मद को हीरो ऑफ द मैच पुरस्कार प्रदान किया। इसके बाद दूसरे मैच में कोरिया ने मलेशिया को चुनौती दी। इस मैच के दौरान फिरोज अंसारी ने बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग के कैबिनेट मंत्री और विधायक राजगीर तथा अध्यक्ष हॉकी बिहार श्रवण कुमार के साथ खिलाड़ियों से परिचय लिया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

इस दौरान अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ के अध्यक्ष तैयब इकराम, हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ, हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की, पूर्व ओलंपियन असलम शेर खान, हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष मनोहरन जे शेखरन, हॉकी इंडिया के डायरेक्टर जनरल कमांडर आर के श्रीवास्तव समेत अन्य प्रमुख व्यक्ति उपस्थित रहे।

यह आयोजन हॉकी के प्रति राजगीर और बिहार के योगदान को दर्शाता है और खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनता है। ज्ञात हो कि एशिया कप के विजेता टीम को सीधे 2026 मे होने वाले वर्ल्ड कप मे सीधे एंट्री मिलेगी। हर्ष का विषय है भारतीय टीम इस प्रतियोगिता मे अभी तक अपराजेय है।

# नांदगांव की गणेश उत्सव की विशिष्ट परंपरा पूरे देश में प्रसिद्ध - नीरज



कहा - परंपरा की कड़ी में इस वर्ष सुरक्षा और शांति व्यवस्था पर विशेष ध्यान जरूरी

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव का गणेश उत्सव केवल छत्तीसगढ़ ही नहीं, बल्कि पूरे देश में अपनी अलग पहचान रखता है। शहर कांग्रेस दक्षिण ब्लॉक के महामंत्री नीरज कन्नौजे ने कहा कि नांदगांव की गणेशोत्सव परंपरा स्वतंत्रता आंदोलन के समय से ही लोगों के बीच एकता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश देती आई है। यही कारण है कि यहां का गणेशोत्सव केवल धार्मिक पर्व नहीं, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक आयोजन के रूप में जाना जाता है। उन्होंने कहा कि बदलते दौर में गणेश उत्सव अब हाईटेक रूप ले चुका है। भव्य पंडाल, आकर्षक झांकियां, रोशनी और तकनीक का उपयोग इसे और खास बनाता है, लेकिन इसी के साथ हमें इस परंपरा को किसी भी सूरत में कलंकित होने से बचाना होगा। कन्नौजे ने आम नागरिकों, गणेश उत्सव समितियों, मंडलों, पुलिस व सिविल प्रशासन से अपील करते हुए कहा कि शांति, सुरक्षा और कानून व्यवस्था बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि हर नागरिक का भी कर्तव्य है।

श्री कन्नौजे ने आगे कहा कि राजनांदगांव में गणेशोत्सव का सबसे बड़ा आकर्षण अनंत चौदस की रात को होने वाला भव्य गणेश विसर्जन जुलूस होता है। इस मौके पर शहर और गांवों से लाखों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई इस परंपरा का हिस्सा बनता है। इतनी बड़ी भीड़ के बीच व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस, प्रशासन, सामाजिक संगठन और गणेशोत्सव समितियां पूरी ताकत से जुट जाती हैं। उन्होंने ने कहा कि थोड़ी-सी लापरवाही भी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकती है। बिजली, पानी, सड़क, सफाई और कानून व्यवस्था जैसी बुनियादी व्यवस्थाओं में किसी भी स्तर पर चूक नहीं होनी चाहिए। उन्होंने नागरिकों और अधिकारियों से गुजारिश की कि इस उत्सव को सुरक्षित, सफल और सौहार्दपूर्ण बनाने के लिए सभी लोग मिलकर जिम्मेदारी निभाएं। अंत में उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव केवल पूजा-अर्चना का पर्व नहीं है, बल्कि यह हमारी परंपरा, संस्कृति और एकता का प्रतीक है। इसे सुरक्षित और स्वच्छ तरीके से मनाना ही हम सबकी असली आस्था और भक्ति का परिचायक है।

## ज्योतिष चमत्कार ( 1 सितंबर 2025 )

**कल्याण**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 7 | 8 | 9 | 0 |
| | 76 | 89 | 96 | 09 |
| मंगल | 8 | 9 | 0 | 1 |
| | 87 | 97 | 08 | 17 |
| बुध | 9 | 0 | 1 | 2 |
| | 98 | 07 | 18 | 20 |
| गुरू | 0 | 1 | 2 | 3 |
| | 06 | 19 | 29 | 36 |
| शुक्र | 1 | 2 | 3 | 4 |
| | 10 | 28 | 37 | 48 |
| शनि | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 26 | 39 | 47 | 56 |

**राजधानी नाईट**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सोम | 2 | 3 | 4 | 5 |
| | 25 | 31 | 45 | 51 |
| मंगल | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | 32 | 43 | 52 | 65 |
| बुध | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | 42 | 53 | 64 | 71 |
| गुरू | 5 | 6 | 7 | 8 |
| | 54 | 63 | 73 | 85 |
| शुक्र | 6 | 7 | 8 | 9 |
| | 62 | 75 | 84 | 92 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 2 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 3 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 4 | 8 | 9 | 0 |
| स्पेशल | 47 | 86 | 95 | 01 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| अंकों का बादशाह | 8 | | | |
| सप्ताह का वरदान | 7 | | | |
| सप्ताह में अचूक | 2 | 3 | 4 | 6 |
| स्पेशल | 20 | 39 | 45 | 61 |

**सप्ताह में देखें**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 12 | 13 | 14 | 15 |
| 2 | 21 | 23 | 24 | 25 |
| 3 | 31 | 32 | 34 | 35 |
| 4 | 41 | 42 | 43 | 45 |
| 5 | 51 | 52 | 53 | 54 |
| 6 | 62 | 63 | 64 | 65 |
| 7 | 71 | 73 | 74 | 75 |
| 8 | 81 | 82 | 84 | 85 |
| 9 | 91 | 92 | 93 | 95 |
| 0 | 01 | 02 | 03 | 04 |

**सप्ताह में देखें**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 17 | 18 | 19 | 10 |
| 2 | 26 | 28 | 29 | 20 |
| 3 | 36 | 37 | 39 | 30 |
| 4 | 46 | 47 | 48 | 40 |
| 5 | 56 | 57 | 58 | 59 |
| 6 | 67 | 68 | 69 | 60 |
| 7 | 76 | 78 | 79 | 70 |
| 8 | 86 | 87 | 89 | 80 |
| 9 | 96 | 97 | 98 | 90 |
| 0 | 06 | 07 | 08 | 09 |

**अंक आपके पत्ते हमारे**

| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 128 | 138 | 148 | 149 | 140 | 123 | 160 | 134 | 234 | 127 |
| 245 | 129 | 238 | 130 | 230 | 150 | 250 | 233 | 379 | 136 |
| 489 | 237 | 490 | 239 | 357 | 259 | 278 | 279 | 225 | 280 |
| 290 | 570 | 670 | 680 | 456 | 349 | 458 | 260 | 270 | 479 |
| 344 | 228 | 355 | 789 | 339 | 790 | 449 | 125 | 126 | 677 |

**बीते चार सप्ताह के रिकार्ड**

| कल्याण | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 06 | 11 | 09 | 09 | 68 | 69 |
| 83 | 91 | 75 | 42 | XX | 72 |
| 54 | 75 | 14 | 39 | 68 | 43 |
| 68 | 73 | 20 | 05 | 40 | 38 |

| राजधानी | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 20 | 04 | 09 | 16 | 45 |
| 60 | 55 | 73 | 58 | XX |
| 92 | 13 | 64 | 15 | 07 |
| 89 | 50 | 12 | 74 | 91 |

**जनवरी 2025 से सितंबर 2025 तक के रूके जोड़भाव-पेनल**

कल्याण 2024- 22-86
2025- 22-32-37-52-56-50-86-87-92-90
1-146-245-227-777 2-246-200-228-499-688-444-
3-166-445- 4-680-266-338-400-888
5-230-249-113-122-177-366-799-889-555
6-114-330-448-466-600-222 7-124-368-188-557-700-999 8-134-567-440-477-666 9-450-117-144-199-559-577-667-333 0-118-668-000

राजधानी नाईट 2024- 26-69-88
2025- -24-26-33-30-42-49-56-61-66-67-69-75-78-88-80-95-99-90-01-05
1-146-290-119-777, 2-589-200-228-660-688-778-444, 3-157-256-166-300-599-779-111
4-112-220-338-699-888, 5-177-366-447-500-799-555
6-358-367-466-556-600-222, 7-377-449-700-999
8-189-350-288-666, 9-126-135-289-117-144-199-388-577-333, 0-488-550-668-000

चेतावनी :- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

## शेष प्रथम पेज का...

**पीएम मोदी ने चिनफिंग से बातचीत....**

व्यापार घाटे को कम करने के लिए एक राजनीतिक और रणनीतिक दिशा में आगे बढ़ने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत और चीन दोनों ही रणनीतिक स्वायत्तता चाहते हैं। उनके संबंधों को किसी तीसरे देश के नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों और चुनौतियों जैसे- आतंकवाद और बहुपक्षीय मंचों पर निष्पक्ष व्यापार पर साझा आधार का विस्तार करने आवश्यकता पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री ने एससीओ की चीन की अध्यक्षता और तियानजिन में शिखर सम्मेलन के लिए समर्थन व्यक्त किया। उन्होंने राष्ट्रपति शी को ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भी आमंत्रित किया, जिसकी मेजबानी भारत 2026 में करेगा। राष्ट्रपति शी ने निमंत्रण के लिए प्रधानमंत्री का धन्यवाद किया और भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के लिए चीन के समर्थन की पेशकश की। प्रधानमंत्री ने चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के पोलित ब्यूरो की स्थायी समिति के सदस्य काई क्वी के साथ भी बैठक की। प्रधानमंत्री ने काई के साथ द्विपक्षीय संबंधों के लिए अपने दृष्टिकोण को साझा किया और दोनों नेताओं के दृष्टिकोण को साकार करने के लिए उनका समर्थन मांगा। काई ने द्विपक्षीय आदान-प्रदान का विस्तार करने और दोनों नेताओं के बीच बनी सहमति के अनुरूप संबंधों को और बेहतर बनाने की चीनी पक्ष की इच्छा दोहराई।

**बाढ़-बारिश से भारी तबाही....**

पीएमओ के सोशल मीडिया अकाउंट्स और एक्स पर भी लाइव सुना जा सकेगा। इन दिनों पीएम मोदी विदेश दौरे पर हैं। जापान की यात्रा पूरी करने के बाद वह SCO शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए चीन पहुंचे हैं। यह उनकी 7 साल बाद चीन यात्रा है। इस दौरान पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच द्विपक्षीय बैठक भी हुई है। वहीं, सम्मेलन में पीएम मोदी, शी जिनपिंग और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एक साथ मंच साझा करते नजर आ सकते हैं।

**सीएम साय ने सुनी 'मन की....**

अपने संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि प्राकृतिक आपदाओं की घड़ी में देशवासियों का एक-दूसरे की मदद के लिए खड़ा होना भारत की असली ताकत है। यही हमारी संस्कृति और सामूहिक चेतना को परिभाषित करती है। खेलों पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि खेल न केवल स्वास्थ्य बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व क्षमता को भी मजबूत बनाते हैं। युवाओं से उन्होंने खेलों में सक्रिय भागीदारी का आह्वान किया। मुख्यमंत्री साय ने बताया कि 'मन की बात' हर माह प्रदेशवासियों को नई ऊर्जा और प्रेरणा देती है। यह कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों में सकारात्मक सोच और राष्ट्रीय चेतना को प्रबल करता है। उन्होंने अपने हालिया जापान और दक्षिण कोरिया प्रवास का उल्लेख करते हुए बताया कि कौशल विकास, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे क्षेत्रों में हुए सहयोग और निवेश से छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए रोजगार और अवसरों का नया अध्याय खुलेगा। राज्य की रजत जयंती का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण तभी संभव है, जब हर नागरिक अपनी भूमिका ईमानदारी से निभाए। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील की कि सभी मिलकर समृद्ध, स्वच्छ और विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण में सक्रिय योगदान दें।

**कैदी की फरारी पर भूपेश के....**

विष्णुदेव ठाकुर एवं जेल प्रहरी मनीष राजवाडे के साथ बंदियों को भेजा गया था। श्रम कार्य के दौरान बंदी चन्द्रवीर उर्फ पिन्टू फरार हो गया। श्रम कार्य के दौरान बंदी चन्द्रवीर उर्फ पिन्टू के फरार हो जाने के कारण दिनांक 21.08.2025 को ही उसके विरूद्ध थाना गंज जिला रायपुर में धारा 262 बी.एन.एस. के अन्तर्गत एफ.आई.आर. क. 220/2025 दर्ज कराई गई है। फरार आरोपी चन्द्रवीर उर्फ पिन्टू की गिरफ्तारी के लिए अन्य राज्यों की पुलिस का भी सहयोग लिया जा रहा है। उक्त प्रकरण में लोहार प्रशिक्षक विष्णुदेव ठाकुर एवं जेल प्रहरी मनीष राजवाडे को दिनांक 21.08. 2025 को ही निलंबित किया जाकर उनके विरूद्ध विभागीय जांच प्रारंभ की गई है। बंदी के श्रम कार्य के दौरान फरार होने की घटना के दिन ही प्रकरण में थाना गंज में एफ.आई.आर. दर्ज कराई गई थी। घटना के दिन ही अपचारी कर्मचारियों को निलंबित कर दिया गया था। अनेक समाचार पत्रो में दिनांक 22.08.2025 को इस आशय की खबरें प्रकाशित हुई है। अतएव यह कहना गलत है कि प्रकरण को छुपाया गया है।

**वोटर लिस्ट में गड़बड़ी के दावों का....**

कार्रवाई की जा सकती है। बिहार के सीईओ ने यह भी बताया कि जनसांख्यिकीय रूप से समान प्रविष्टियों का पता लगाने के लिए ईआरओनेट 2.0 सॉफ्टवेयर का उपयोग किया जाता है, जिसे हटाने से पहले बूथ स्तर के अधिकारियों और ईआरओ द्वारा जमीनी स्तर पर सत्यापित किया जाता है। यह प्रक्रिया सुनिश्चित करती है कि वास्तविक मतदाता स्वचालित एल्गोरिथ्म द्वारा मताधिकार से वंचित न हों। वाल्मीकिनगर में 5,000 डुप्लिकेट के आरोपों के संबंध में, ईसीआई ने कहा, वाल्मीकिनगर के मामले में, यह कहा जाना चाहिए कि कथित रूप से डुप्लिकेट होने वाले 5,000 व्यक्तियों के बारे में एक विस्तृत रिपोर्ट प्रदान की जानी चाहिए। तभी किसी भी जांच को प्रासंगिक माना जा सकता है। केवल काल्पनिक आधार पर एक संख्या देने से कोई तथ्य सही साबित नहीं होता है। पोल निकाय ने रिपोर्ट में उजागर किए गए मामलों को भी संबोधित किया, जैसे कि त्रिवेणीगंज की अंजलि कुमारी और लौकहा के अंकित कुमार। ये लिपिकीय त्रुटि, प्रवासन से संबंधित कई आवेदनों, या घरेलू स्तर पर गलत रिपोर्टिंग के कारण उत्पन्न हो सकते हैं। ऐसा प्रत्येक मामला दावों और आपत्तियों की अवधि (1 सितंबर 2025 को समाप्त) के दौरान सत्यापन के बाद सुधार के अधीन है। कानूनी प्रक्रिया अभी भी जारी है। अंजलि कुमारी और अंकित कुमार, दोनों मामलों के लिए फॉर्म 8 भरा जा चुका है। चुनाव आयोग ने उन आरोपों को खारिज कर दिया कि बड़े पैमाने पर मशीन-स्तरीय विश्लेषण को रोकने के लिए मतदाता सूचियों को ÷लॉक÷ किया गया था। निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 22 के तहत, मतदाता सूचियां अखंडता सुनिश्चित करने और दुरुपयोग को रोकने के लिए निर्धारित प्रारूपों में उपलब्ध कराई जाती हैं।

**ऑस्ट्रेलिया में जोरदार प्रदर्शन...**

इस समूह ने कहा कि उनकी रैली यह दिखाने के लिए है कि लोग दक्षिणपंथी एजेंडे से गुस्से में हैं। सिडनी और मेलबर्न में पुलिस ने बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए। मेलबर्न में पुलिस को भीड़ पर काबू पाने के लिए पेपर स्प्रे का इस्तेमाल करना पड़ा। हालांकि, सिडनी में पुलिस का कहना है कि कार्यक्रम बिना किसी बड़ी घटना के खत्म हुआ। इस रैली में ऑस्ट्रेलिया के छोटे पॉपुलिस्ट दल के नेता बॉब कैटर भी शामिल हुए। वे तब विवादों में आ गए थे जब एक रिपोर्टर ने उनकी लेबनानी पृष्ठभूमि का जिक्र किया था। सिडनी में प्रदर्शनकारी ग्लेन ऑलचिन ने कहा कि उनका मकसद इमिग्रेशन को पूरी तरह रोकना नहीं बल्कि उसे धीमा करना है। उन्होंने कहा, हमारे बच्चे घर नहीं खरीद पा रहे हैं, अस्पतालों में सात घंटे इंतजार करना पड़ता है, सड़कें कम हैं और ट्रैफिक ज्यादा है। रैली में शामिल लोगों का दावा है कि सरकार की इमिग्रेशन नीति से आम जनता के जीवन पर सीधा असर पड़ रहा है, जूकि सरकार और कार्यकर्ताओं का कहना है कि यह केवल नफरत फैलाने और समाज को बांटने की कोशिश है।

**ट्रम्प का जापान पर अमेरिकी....**

जिन पर अधिकारियों के स्तर पर और बातचीत की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जब तक वार्ता आगे बढ़ती रहेगी, वे अमेरिका की यात्रा टाल रहे हैं, लेकिन संभव है कि भविष्य में फिर से जाएं। रिपोर्ट के मुताबिक अगर जापान, अमेरिका से चावल की खरीद बढ़ाता है तो इससे उसके किसानों को नुकसान हो सकता है। इससे कृषि समुदाय नाराज भी हो सकता है। इस बीच व्हाइट हाउस ने दावा किया कि जापान ने जुलाई में ही अमेरिकी चावल के आयात कोटा में 75 प्रतिशत बढ़ोतरी पर सहमति दे दी थी। बाद में जापान के प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा ने साफ कहा कि उनका देश अमेरिकी दबाव में अपने किसानों के हितों का बलिदान नहीं करेगा। एक्सपर्ट्स का मानना है कि जापान और अमेरिका की बातचीत में मुख्य समस्या एक-दूसरे पर भरोसा न करना है। अमेरिका चाहता है कि जापान अपने 550 अरब डॉलर के इन्वेस्टमेंट के वादे को लिखित समझौते में बदले। वहीं, जापान कह रहा है कि अगर उसे लिखित गारंटी चाहिए तो अमेरिका को भी यह लिखकर देना होगा कि जापानी ऑटो पर 15त्न टैरिफ तुरंत लागू नहीं होगा। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से जापान और अमेरिका करीबी सहयोगी बने हुए हैं।1951 में हुई सुरक्षा संधि के तहत अमेरिका जापान की रक्षा की जिम्मेदारी निभाता है, जबकि जापान एशिया में अमेरिकी रणनीतिक उपस्थिति का अहम हिस्सा है।

# महिला सशक्तिकरण संघ डोंगरगढ़ के तत्वावधान में 'एक पेड़ माँ के नाम कार्यक्रम के तहत पौधारोपण



डोंगरगढ़(दावा)। महिला सशक्तिकरण संघ डोंगरगढ़ के तत्वावधान में पर्यावरण संरक्षण और मातृ सम्मान को समर्पित विशेष अभियान 'एक पेड़ माँ के नाम' के अंतर्गत पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सदस्यों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए और पर्यावरण संरक्षण की शपथ ली। इस पहल का उद्देश्य लोगों में वृक्षारोपण के महत्व को जागरूक करना तथा माँ के नाम पर पेड़ लगाकर मातृत्व को नमन करना है।

संघ की पदाधिकारियों ने बताया कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान न केवल हरियाली को बढ़ावा देगा बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ वातावरण का आधार बनेगा। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं और समाजसेवियों ने पौधों की सुरक्षा और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया।महिला सशक्तिकरण संघ की इस पहल की स्थानीय नागरिकों ने सराहना की और इसे मातृशक्ति व प्रकृति के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी प्रयास बताया।इस दौरान नागसेन बुद्ध विहार डोंगरगढ़ के भंते नागरत्न, पदमा मेश्राम, अरुणा गजभिए, पंचशीला सहारे, किरण मेश्राम, राधिका जंघेल, सीमा सहारे, सारिका बडोले, सघा शिंदे, लता शिंदे, जया शिंदे, अनुपमा लांडगे, अनिता मेश्राम, सविता मेश्राम, चंदना भावे, सरिता गजभिए सहित अन्य सदस्यगण उपस्थित थे।

# फर्जी दस्तावेजों के सहारे नौकरी पाने वालों पर त्वरित जांच गठित हो - सलामे

अंबागढ़ चौकी (दावा)। मोहला-मानपुर, अंबागढ़ चौकी वनांचल में फर्जी नियुक्ति पत्र के माध्यम से जिला मुख्यालय मोहला में पदस्थ है। विभिन्न दैनिक समाचारों खबरों के उपरान्त भी दोषियों पर अभी तक कार्यवाही नहीं हो पायी है। यदि सरकार के द्वारा उन नौ दोषियों पर शीघ्र कार्यवाही नहीं की गई तो संभाग स्तरीय गोंड समाज मोहला एवं सर्व आदिवासी समाज के संयुक्त तत्वाधान में धरना प्रदर्शन रैली कर सरकार को अवगत किया जावेगा। उनके पास नियुक्ति से सम्बंधित कोई भी वैध कागजात नहीं है। पूरा-पूरा फर्जी व गलत है।

जगत राम सलामें ने कहा कि शासन के नियम कानून की धज्जियां उड़ाने वाले ऐसे चोर लोगों पर कड़ी कार्यवाही सुनिश्चित हो। हमारे स्थानीय बेरोजगार साथियों का हक का हनन करने वालो को बक्शा नही जायेगा। दोषियों को मालूम था कि शांति प्रिय आदिवासी जिला मोहला मानपूर अं.चौकी है यही पर अपना करतूत किया जाये। ऐसा उनका मकसद था, सरकार उनकी जांच त्वरित करें और जो पद रिक्त होंगे जिसे स्थानीय शिक्षित बेरोजगारों को आबंटित करें। यह जानकारी जगत राम सलामें पूर्व संभाग अध्यक्ष गोंड समाज मोहला के द्वारा दी गई।

# अग्नि वीर थलसेना भर्ती हेतु आज अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। भारतीय अग्नि वीर थलसेना 2025 के लिए युवाओ को भर्ती करने ऑनलाईन लिखित परीक्षा आयोजित की गयी। लिखित परीक्षा में उत्तीर्ण आवेदकों को जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण दिया जायेगा।

इस संबंध में निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि राजनांदगांव के आवेदकों, जिनके द्वारा अग्नि वीर थलसेना 2025 भर्ती हेतु लिखित परीक्षा उत्तीर्ण कर लिया गया है, उन आवेदकों के लिए सेना भर्ती कार्यालय द्वारा निःशुल्क शारीरिक दक्षता परीक्षा माह दिसम्बर 2025 या जनवरी 2026 में आयोजित होना संभावित है।

# जोशीलमती संकुल में सेवानिवृत्त शिक्षकों को भावभीनी विदाई

बांधाबाजार (दावा)। जोशीलमती संकुल में प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक शंभू दयाल नायक और माध्यमिक शाला की प्रधान पाठिका पुष्पा कुंजाम को सेवानिवृत्ति के अवसर पर भावभीनी विदाई दी गई। यह समारोह शिक्षकों के सम्मान और उनके प्रति गहरे लगाव को दर्शाता है।



### भावुक क्षण और सम्मान

कार्यक्रम की शुरुआत दिवंगत शिक्षक नरेंद्र कुमार चतुर्वेदी को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। सेवानिवृत्त शिक्षकों को उनके समर्पण के लिए श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। शिक्षकों ने उनकी गाड़ी को दूल्हे की तरह सजाया और सम्मान के साथ उन्हें उनके निवास स्थान तक छोड़ा। इस दौरान सभी शिक्षक भावुक नजर आए। संकुल प्राचार्य अश्वंतीन शोरी मैडम ने सेवानिवृत्त शिक्षकों की मेहनत, समर्पण और बच्चों के भविष्य के निर्माण में उनके योगदान की प्रशंसा की।

### कार्यक्रम की मुख्य बातें

इस विदाई समारोह में बैंड-बाजे और अल्पाहार का भी आयोजन किया गया, जिससे माहौल और भी यादगार बन गया। इस अवसर पर हाल ही में युक्तियुक्तकरण के तहत संकुल में आए शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन कीरत कुमार गणवीर ने किया और आभार प्रदर्शन सुरेंद्र घावडे ने किया। कार्यक्रम की व्यवस्था भी इन्हीं दोनों शिक्षकों ने की थी। इस दौरान संकुल के कई शिक्षक और गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

# अटल जी की देन से छत्तीसगढ़ बना युवा छत्तीसगढ़



रजत जयंती में शामिल हुए जनपद अध्यक्ष संजय सिन्हा

छुरिया (दावा)। महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना 1 छुरिया के द्वारा आयोजित रजत महोत्सव की शुरुवात जनपद पंचायत छुरिया अध्यक्ष संजय कुमार सिन्हा ने छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य गठन के 25 वर्ष पूर्ण होने पर पूरे प्रदेश में रजत जयंती/राज्योत्सव की शुरुवात शासन के निर्देशानुसार किया गया है।

श्रद्धेय अटल बिहारी बाजपेई जी ने छत्तीसगढ़ राज्य बनाया ताकि एक छोटे प्रदेश के रूप में विकास हो सके। उन्होंने सरकार के विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। उक्त कार्यक्रम को प्रशांत ठाकुर जनपद उपाध्यक्ष, श्रीमती भेष बाई साहू सभापति महिला एवं बाल विकास विभाग ने भी संबोधित किया। साथ ही नन्हें बच्चों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के बहनों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की भी प्रस्तुति दी। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से शीशपाल साहू, मनभावन सिंह उईके, हेतराम साहू, सहित सीडीपीओ मरकाम सहित पर्यवेक्षक सहित बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका मौजूद रही।

# कोसरिया यादव समाज का भर्रेगाव में बनेगा सर्किल मुख्यालय भवन



सांसद संतोष पाण्डे द्वारा सामाजिक भवन के उपलब्ध कराई गई राशि

राजनांदगांव (दावा)। जिले के सांसद संतोष पाण्डे के सहयोग से ग्राम भर्रेगाव में क्षेत्रीय कोसरिया यादव समाज का सर्किल मुख्यालय भवन बनने जा रहा है। इससे क्षेत्र के यादव समाज के लोगों में खुशी देखी जा रही है। बता दें कि कोसरिया यादव समाज द्वारा आयोजित गीता जयंती कार्यक्रम के दौरान समाज प्रमुखों द्वारा मुख्य अतिथि सांसद श्री पांडे के समक्ष सामाजिक भवन हेतु मांग रखी गई थी। सांसद के प्रयासों से उक्त सामाजिक भवन बनाए जाने का मार्ग प्रशस्त हुआ है। इसके लिए समाज द्वारा सांसद का आभार ज्ञापन किया गया है।

समाज के उपाध्यक्ष पवन यादव पहुना ने बताया कि सोमनी मे सांसद श्री पांडे जन औषधि केंद्र का लोकार्पण कार्यक्रम में पहुंचे थे, तब उनके द्वारा क्षेत्र के कार्यकर्ता एवं ग्रामीणों से भेंट करने के दौरान सांसद द्वारा यादव समाज के प्रतिनिधियों के साथ भी मुलाकात की गई।

इस अवसर पर सिंगदई सर्किल कोसारिया यादव समाज के उपाध्यक्ष पवन यादव, भर्रेगांव से राजू यादव, भागवत यादव ने मिलकर सांसद को बताया आपके द्वारा यादव समाज के द्वारा प्रतिवर्ष होने वाले वार्षिक कार्यक्रम गीता जयंती के अवसर पर ग्राम आलीखुटा के कार्यक्रम में यादव समाज सर्किल मुख्यालय भवन भर्रेगांव के लिए जो 7.50 लाख रुपए की घोषणा की गई थी, वह पूरी हुई। इस पर कोसरिया समाज द्वारा सांसद का आभार व्यक्त करने के साथ धन्यवाद ज्ञापित किया।

# अड़ाम के प्राथमिक शाला में पहुंचे शाला के पूर्व छात्र



अनुभव साझा किया, शाला प्रबंधन ने किया सम्मान

डोंगरगांव (दावा)। राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर सभी विभागों द्वारा रजत जयंती वर्ष का आयोजन किया जा रहा है. इसी तारतम्य में शिक्षा विभाग व्दारा भी 28 से 31 अगस्त एवं 1 से 7 सितंबर तक शालाओं में विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है.

इसी कड़ी में ग्राम अड़ाम के शासकीय प्राथमिक शाला में रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन प्रधानपाठक महेंद्र पाटील के दिशा निर्देश, शिक्षिका कोनिका सोनी के नेतृत्व तथा सरिता टांडेकर के सहयोग से शाला में विभिन्न आयोजन हुए. इस दौरान शाला के पूर्व छात्र व गणमान्य नागरिक कन्हैया इंगोले, ठाकुरराम, रोशन लाल व धांसू सहित ग्रामीण महिलाओं में शामिल हुए. श्रीमती सोनी ने बताया कि 28 अगस्त को गांव के गणमान्य नागरिक व पढ़ी-लिखी महिलाओं तथा बच्चों को सामूहिक पुस्तक वाचन कराया गया. इसके साथ ही 29 अगस्त को स्पीड बुक रीडिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. जिसमें कक्षा पहली से कु.याचना, कक्षा दूसरी से वंदना, कक्षा तीसरी से जस कुमार, कक्षा चौथी जिगर कुमार तथा कक्षा पांचवी से रितु ने प्रथम स्थान प्राप्त किया. जिन्हें शाला परिवार की ओर से अतिथियों की उपस्थिति में पुरस्कार प्रदान किया गया. वहीं 30 अगस्त शनिवार को एलुमिनाई मीट समारोह का आयोजन किया गया. जिसमें स्कूल के पूर्व छात्रों को समारोह में आमंत्रित कर 25 वर्षो के अनुभव का साझा किया गया और उन्हें पेन, डायरी तथा श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया.

# पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन कल से 12 तक शिविर

राजनांदगांव (दावा)। सामाजिक सहायता कार्यक्रम अंतर्गत संचालित राष्ट्रीय पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों का प्रतिवर्ष वार्षिक सत्यापन कराया जाता है। उक्त कार्य मैन्युअली होता रहा है, भारत सरकार के निर्देशानुसार अब आधार आधारित मोबाईल एप्लीकेशन के माध्यम से सत्यापन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत निकाय क्षेत्र के कुल 51 वार्डो में से 30 वार्डो के पेंशन हितग्राहियों का पेशन सत्यापन किया जा चुका है।

शेष वार्डो के पेंशन हितग्राहियों का सत्यापन करने शेष वार्डो में दिनांक 2 सितम्बर से 12 सितम्बर 2025 तक प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर आयोजित किया जा रहा है।

# शासकीय महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं शास. महाविद्यालय छुरिया के बीच हुआ एम.ओ.यू.



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ एवं रानी सुर्यमुखी देवी शास. महाविद्यालय, छुरिया के बीच 30 अगस्त को एम.ओ.यू. (आपसी सहयोग एवं समन्वय) हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि यह एमओयू नेहरू महाविद्यालय का 29 वां एमओयू है। यह एमओयू 3 वर्ष के लिए किया जा रहा है, इससे महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ प्राध्यापको एवं कर्मचारियों को शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में आपसी सहयोग एवं समन्वय से आयोजित किया जायेगा एवं दोनो महाविद्यालय में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग किया जा सकेगा।

इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. ई.व्ही. रेवती, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. प्रदीप कुमार जाम्बुलकर, नैक प्रभारी डॉ.आर.आर.कोचे सहित रानी सुर्यमुखी देवी शास. महाविद्यालय छुरिया की प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम), आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक डॉ. राजेन्द्र शर्मा, नैक प्रभारी डॉ. एच.एस. भाटिया की मुख्य रूप से उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किये गए। रानी सुर्यमुखी देवी शास. महाविद्यालय छुरिया की प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने आश्वस्त किया कि नेहरू महाविद्यालय डोंगरगढ़ को हमारे महाविद्यालय द्वारा हर प्रकार से सहयोग एवं समन्वय किया जाएगा एवं दोनो महाविद्यालय के विभागों द्वारा संचालित सभी शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियों में छात्र-छात्राओं एवं प्राध्यापको सहित कर्मचारियों की सहभागिता के साथ सुविधा विस्तार किया जायेगा। भविष्य में दोनो महाविद्यालय को नैक मूल्यांकन में अच्छा से अच्छा ग्रेड प्राप्त हो सके इसके लिए दोनो महाविद्यालय आपसी सहयोग एवं समन्वय से शैक्षणिक एवं अकादमिक गतिविधियां संचालित करेंगे। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय परिवार द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर प्राध्यापकगण श्रीमती नीलम चतुर्वेदानी सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# दूध मोगरा गंडई के गौरवशाली 49 वर्ष पूरे

गंडई पंडरिया (दावा)। छग शासन संस्कृति विभाग द्वारा 15 अगस्त से मार्च 2026 तक होने वाले आयोजन छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के प्रारंभिक चरण में 29 से 31 अगस्त को मुक्ताकाशी मंच रायपुर में आयोजित 'रंग परब' उत्सव में 'दूध मोंगरा गंडई' के लोक कलाकारों ने अपनी नाट्य प्रस्तुति 'अक्कल बड़े के भइंस' देकर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। मुख्य अतिथि शशांक शर्मा अध्यक्ष साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़, अध्यक्षता की उमेश मिश्रा उपसंचालक संस्कृति विभाग ने।

यह सुखद संयोग है कि छग राज्य की स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण हुए हैं और दूध मोगरा गंडई ने अपनी स्थापना के 49 वर्ष पूर्ण किए हैं। रंग परब में प्रस्तुत लोकनाट्य अक्कल बड़े के भइंस छत्तीसगढ़ की कला संस्कृति और देवारी पर्व पर केंद्रित पारिवारिक नाटक है। अक्कल बड़े के भैंस की अब तक लगभग 1200 से अधिक प्रदर्शन छत्तीसगढ़ व देश के विभिन्न राज्यों में हो चुके हैं।




लोकनाट्य की प्रस्तुति पर गूंजे ठहाके

मध्यप्रदेश आदिवासी लोक कला परिषद भोपाल, दक्षिण मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र नागपुर, पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र उदयपुर राजस्थान, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र नई दिल्ली इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय खैरागढ़ छग शासन संस्कृति विभाग रायपुर तथा अन्य आयोजकों की ओर से इस लोकनाट्य का प्रदर्शन छत्तीसगढ़ के विभिन्न नगरों, कस्बों व गांवों के साथ-साथ मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, गुजरात, उड़ीसा, झारखंड, उत्तर प्रदेश व राजधानी दिल्ली में अनेकों प्रदर्शन हुए हैं। दूधमोंगरा गंडई को लोक कला के प्रदर्शन के लिए अनेक राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय सम्मान प्राप्त हो चुके हैं। दूधमोंगरा गंडई में पहली पीढ़ी से लेकर तीसरी-चौथी के लोक कलाकार अपनी कला का जौहर दिखाकर छत्तीसगढ़ की लोककला और लोकसंस्कृति का परचम देश भर में लहरा रहे हैं। लोक गायक गौतम जैन, द्वारिका यादव जीवनलाल गंधर्व, हीरालाल साहू, दूधनाथ साहू, मुकुंद दास मानिकपुरी, जैसे वरिष्ठ लोक कलाकारों के साथ सरस्वती निषाद, सुखियारिन मानिकपुरी, पीसीलाल यादव, मनीराम विश्वकर्मा, शिवकुमार पटेल, झुम्मन दास मानिकपुरी, सियाराम साहू, उत्तम दास मानिकपुरी, तामेश्वर गंधर्व, टेक लाल यादव, ढाल सिंह साहू, पुलेंद्र कुमार जंघेल, धर्मेंद्र जंघेल, सरोज निर्मलकर, हिना साहू, उर्वशी पटेल, खेलन राम पटेल, राम पटेल, पूजा रामटेके,परमानंद निषाद, चंद्र कुमार निषाद, ढाल सिंह साहू, मुकेश साहू, सावित्री जोशी, मधु, दा मन दास मानिकपुरी जैसे तीसरी-चौथी पीढ़ी के कलाकार अपनी कला का प्रदर्शन कर रहे हैं।

यह गौरव का विषय है कि आगामी 15 अगस्त 2026 में दूधमोंगरा गंडई द्वारा अपना रजत जयंती वर्ष धूमधाम से मनाया जायेगा। जिसके लिए अभी से तैयारी शुरू कर दी गई है। इस अवसर पर दूधमोंगरा परिवार द्वारा एक वृहद स्मारिका का प्रकाशन किया जाएगा। यह जानकारी द्वारिका राम यादव ने दी।

# डोंगरगांव में संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ का हुआ गठन



सौंपा ज्ञापन-गैर शिक्षकीय कार्य पर हो प्रतिबंध

डोंगरगांव (दावा)। विकासखंड डोंगरगांव के संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने सर्वसम्मति से संकुल शैक्षिक समन्वयक संघ का गठन किया गया है. संघ की घोषणा करते हुए पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन के माध्यम से शैक्षिक गतिविधियों एवं समन्वय कार्यों को सशक्त बनाया जाएगा, साथ ही शिक्षकों एवं संकुल समन्वयकों की समस्याओं को प्रशासन तक पहुँचाया जाएगा.

संघ में शत्रुघन तिवारी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए चुना गया है. वहीं उपाध्यक्ष नूतन हिरवानी, कोषाध्यक्ष नेकराम साहू, सचिव यशवंत देवांगन, सहसचिव पुष्पेंद्र कुमार साहू तथा मीडिया प्रभारी राहुल कुमार जैन को बनाया गया है. साथ ही सदस्यों में दिलेश्वर सांडिल्य, दानिराम वर्मा, सनन कुमार सकरे, दुष्यंत साहू, वेदराज ठाकुर, माखनलाल रात्रे, डामनदास साहू, देवेंद्र किशोर साहू, नीलमणि साहू, चंद्रप्रकाश साहू, लक्कुराम साहू, धनसाय सलामे, सौरभ तिवारी, मंगलदास बंजारे, सोमनाथ महला, दयानंद निषाद एवं प्रदीप कुमार ध्रुव के नाम शामिल किए गए हैं. नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने कहा कि संघ शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, समन्वय कार्यों की पारदर्शिता तथा संकुल स्तर पर आने वाली समस्याओं के समाधान हेतु सक्रिय भूमिका निभाएगा.

गठन पश्चात सौंपा ज्ञापन-गैर शिक्षकीय कार्य पर हो प्रतिबंध संघ गठन के अवसर पर संकुल शैक्षिक समन्वयकों ने एसडीएम डोंगरगांव एवं बीईओ डोंगरगांव व्दय को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में बताया गया है कि शासन के आदेशानुसार संकुल शैक्षिक समन्वयक प्रतिदिन शालाओं में तीन कालखंड का अध्यापन कार्य तथा शाला भ्रमण एवं शैक्षिक अवलोकन का कार्य कर रहे हैं लेकिन अध्यापन एवं अवलोकन के दौरान विभाग द्वारा डाक लाना-ले जाना, जानकारी संकलन एवं आँकड़ों का एकीकरण जैसे कार्य तत्काल भेजने हेतु विवश किया जाता है. जिससे बच्चों के शैक्षिक हित बाधित होते हैं और अध्यापन तथा अवलोकन की निरंतरता भी टूटती है. साथ ही अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा भी गैर-शैक्षिक कार्य करवाए जाते हैं. जिससे संकुल शैक्षिक समन्वयकों के मूल पदीय दायित्व प्रभावित होते हैं. उन्होंने ने माँग की है कि संकुल शैक्षिक समन्वयकों से पदीय दायित्व से भिन्न कार्य न लिया जाए. साथ ही यह भी कहा गया कि यदि विभागीय मजबूरी के चलते हमसे गैर-शैक्षिक कार्य लिया ही जाना है, तो ऐसी स्थिति में हम सभी संकुल शैक्षिक समन्वयकों का सामूहिक इस्तीफ़ा स्वीकार किया जाए.

# देशभर में गूंजती नांदगांव की गणेश उत्सव परंपरा - देवेश वैष्णव



कहा - परंपरा की कड़ी में इस वर्ष भी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम जरूरी

राजनांदगांव (दावा)। कांग्रेस के युवा नेता देवेश वैष्णव ने कहा कि नांदगांव की गणेश उत्सव परंपरा सिर्फ नगर तक सीमित नहीं है, बल्कि देशभर में इसकी गूंज सुनाई देती है। हर वर्ष की तरह इस बार भी भव्य तरीके से गणेशोत्सव मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक धरोहर को भी सशक्त करता है।

श्री वैष्णव ने श्रद्धालुओं से अपील करते हुए आगे कहा कि आयोजन में शामिल होते समय शांति और भाईचारे की भावना बनाए रखें। उन्होंने जिला प्रशासन से अपेक्षा जताई कि बड़ी संख्या में होने वाली भीड़ को देखते हुए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। उन्होंने कहा कि गणेशोत्सव के अवसर पर शहर के विभिन्न पंडालों में आकर्षक झांकियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे। जो लोगों को धार्मिक और सांस्कृतिक रूप से जोड़ने का काम करेंगे। नांदगांव की गणेश परंपरा आज युवाओं के लिए प्रेरणा है। क्योंकि इसमें सेवा, समर्पण और सामूहिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। यही वजह है कि यहां का गणेशोत्सव अब देश के कई हिस्सों में पहचान बना चुका है।

# स्कूली बच्चों के लिए आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र बनाने हेतु शिविर का आयोजन




खुज्जी (दावा)। छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में डोंगरगांव जनपद पंचायत के विभिन्न स्कूलों में बच्चों के लिए आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए शिविर लगाए गए।

यह आयोजन 30 अगस्त को हुआ। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य स्कूली छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक और सरकारी योजनाओं का लाभ देना था। ये प्रमाण पत्र बच्चों को उनकी जाति के आधार पर आरक्षण, फीस में छूट और सरकारी नौकरियों सहित अन्य योजनाओं का लाभ उठाने में मदद करेंगे। यह आयोजन शासन और प्रशासन की योजना का हिस्सा था।

यह शिविर ग्राम पंचायत बड़भूम के आश्रित ग्राम करेथी और ग्राम पंचायत दर्री में लगाया गया। इसमें राजस्व, पंचायत और शिक्षा विभाग ने मिलकर काम किया। छात्र-छात्राओं और उनके अभिभावकों ने आवेदन दिए, जिसके आधार पर प्रमाण पत्र बनाए गए।

इस शिविर को सफल बनाने में राजस्व निरीक्षक फारुक मोमिन, पटवारी तृप्ति कोसरिया, पटवारी अभिलाष गुप्ता, बड़भूम सरपंच बिसन बाई, सचिव महेश सोनटेके, दर्री सरपंच शुद्धोधन सोनटेके, प्रधान पाठक महेंद्र कुमार सा बला, और शिक्षक भगत राम पटेल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# नगर में विराजे मनमोहक मंगलमूर्ति, भक्तिभाव से हो रही पूजा-अर्चना, उमड़ रही भीड़


आदर्श गणेशोत्सव समिति, दुर्गा चौक


जगन्नाथ गणेशोत्सव समिति, गांधी चौक


उमंग गणेशोत्सव समिति, हमाल पारा


बालक गणेशोत्सव समिति, दुर्गा चौक


श्री सिद्धपीठ परिवार, दुर्गा मंदिर किल्ला पारा


शुभ लाभ मंडल, दिग्विजय कालेज के सामने



दुर्गा मंडल, कालेज रोड


फ्रैंड्स क्लब बाल गणेशोत्सव समिति, दीवान पारा


बप्पा फैन क्लब, भरकापारा


मां संतोषी उत्सव समिति, दुर्गा चौक


पंचमुखी युवा गणेश उत्सव समिति, महावीर चौक



श्री सेवा समिति, भदौरिया चौक

## डोला ग्यारस पर 3 सितंबर को अपने मंदिरों से जलक्रीड़ा करने निकलेंगे भगवान राधाकृष्ण

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी नगरी में रियासत काल से विभिन्न मंदिरों मे प्राण प्रतिष्ठित लड्डू गोपाल भगवान एवं भगवान राधाकृष्ण भादवा शुक्ल पक्ष एकादशी (जलझूलनी एकादशी) के अवसर पर अपने-अपने मंदिरों से निकलकर भव्य डोलो में बैठकर भजन सत्संग करते भक्तों के संग नगर भ्रमण करते हुए रानी सागर पहुंचते हैं। जहां भगवान नौका विहार (जल क्रीड़ा) का आनंद प्राप्त करते हैं। वर्ष 2018 में श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के आवाहन पर नगर के विभिन्न मंदिरों से निकलने वाले भगवान के डोले श्री बालाजी मंदिर पुराना गंज मंडी में एकत्रित होकर एक साथ 'संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव' के बैनर तले शोभायात्रा के रूप में निकल रहे हैं।

संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस वर्ष 03 सितंबर को इस भव्य शोभायात्रा में श्री सत्यनारायण मंदिर, श्री राम जानकी बाला बाबा मंदिर, श्री बलभद्री जमात मंदिर, श्री मोतीनाथ मंदिर, श्री जलाराम राम मंदिर, श्री बलदेव राधा कृष्ण किला मंदिर, स्वामी जुगल किशोर बड़े जमात मंदिर, नोनी बाई मंदिर, श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर सहित अनेक निवासों में विराजित भगवान लड्डू गोपाल एवं भगवान राधाकृष्ण सज-धजकर भव्य डोले अथवा रथ में विराजमान होकर एक साथ शोभायात्रा में शामिल होंगे।

इस वर्ष भी जल क्रीड़ा महोत्सव को भव्य स्वरूप में धूमधाम से मनाया जाएगा। जल क्रीड़ा महोत्सव के अंतर्गत सभी मंदिरों के भगवान बुधवार 03 सितंबर को अपने अपने मंदिरों से निकलकर दोपहर 2:00 बजे तक श्री बालाजी मंदिर पुरानी गंज मंडी पहुंचेंगे। यहां पधारे हुए सभी देवताओं का पूजन अर्चन विभिन्न समाज सेवियों एवं श्री बालाजी मंदिर की ओर से किया जावेगा। पूजा आरती पश्चात दोपहर 2:30 बजे भव्य शोभायात्रा प्रारंभ होगी।

### श्री बालाजी मंदिर गंज लाइन से एक साथ निकलेंगे सभी डोले

### सत्यनारायण मंदिर समिति के आव्हान पर निकलेगी भव्य शोभायात्रा

### ये मंदिर होंगे शामिल

श्री सत्यनारायण मंदिर समिति एवं संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति के अध्यक्ष अशोक लोहिया बताया कि जल क्रीड़ा महोत्सव को धूमधाम से आयोजित करने एक बैठक कल श्री सत्यनारायण धर्मशाला में आयोजित की गई, जिसमें कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से पंडित कालू महाराज, आशीष गांधी, पंडित दिलीप वैष्णव, देवकुमार निर्वाणी, पंडित डोमन दास महाराज, पंडित महेंद्र दास, पंडित मनोज शुक्ला, भगवान झा, सचिव सुरेश अग्रवाल, उत्सव प्रभारी लक्ष्मण लोहिया, राजेश शर्मा, श्याम खंडेलवाल, मोतीनाथ मंदिर के अरुण खंडेलवाल, श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के राहुल अग्रवाल, ओमप्रकाश शर्मा, सौरभ खंडेलवाल उपस्थित थे।

### इन मार्गों से निकलेगी डोला शोभायात्रा

सुसज्जित डोलो में विराजे भगवान की शोभायात्रा पुरानी गंज मंडी बालाजी मंदिर से प्रारंभ होकर तिरंगा चौक, रामाधीन मार्ग, श्री श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन, भारत माता चौक, आजाद चौक, मानव मंदिर चौक से फव्वारा चौक होते हुए रानी सागर पहुंचेगी। यहां भव्य सुसज्जित नाव में बैठकर भगवान जल क्रीड़ा करेंगे।

### जलझूलनी एकादशी का महत्व

श्री लोहिया ने बताया कि सनातन संस्कृति के पौराणिक ग्रंथों के अनुसार प्रतिवर्ष आषाढ़ शुक्ल एकादशी को भगवान विष्णु क्षीरसागर में योग निद्रा में चले जाते हैं, इस दिवस को देव सोहनी एकादशी कहा जाता है। इसके पश्चात भगवान भादवा शुक्ल एकादशी को क्षीरसागर में करवट लेते हैं, जिससे सागर का जल हिलता है अतः इस दिवस को जलझूलनी एकादशी कहा जाता है। कार्तिक शुक्ल एकादशी को भगवान योग निद्रा से जागते हैं और इस दिवस को देवउठनी एकादशी कहा जाता है।

इस प्रकार भादवा शुक्ल ग्यारस (जलझूलनी एकादशी) को रानी सागर में भगवान नौका में बैठकर विहार करते हैं और अपने भक्तों को सुख, शांति एवं समृद्धि का आशीर्वाद प्रदान करते हैं। नगर में डोला ग्यारस पर रियासत काल से ही प्रमुख मंदिरों से भगवान डोले में बैठकर अपने अपने मंदिरों से निकलकर रानी सागर पहुंचते रहे है। अलग-अलग निकलने से दर्शनार्थियों को आनंद की अनुभूति नहीं होती थी, अतः श्री सत्यनारायण मंदिर समिति के द्वारा पहल की गई और सभी मंदिरों के भगवान एक स्थान पुरानी गंज मंडी स्थित श्री बालाजी मंदिर में एकत्रित होकर वहीं से शोभायात्रा के रूप में निकलने लगे है जिसकी पूरे नगर में प्रसंशा हो रही है। संस्कारधानी जल क्रीड़ा महोत्सव समिति ने नगर के धर्म प्रेमी माता-बहनों एवं बंधुओं से आग्रह किया है कि इस डोला ग्यारस पर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा में शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त करें एवं शोभायात्रा का अपने निवास-कार्यालय के सामने उपस्थित होकर स्वागत-अभिनंदन एवं पूजा अर्चना करें एवं डोले के नीचे से निकल कर अपनी मनोकामना पूर्ण करें।

## अहमदनगर स्वरूप गणपति विराजे राजनांदगांव में

### समिति अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान बोले, यह आयोजन शहर की आस्था और एकता का प्रतीक

राजनांदगांव (दावा)। संस्कारधानी राजनांदगांव इस समय गणेश भक्ति की लहर में डूबी हुई है। सहदेव नगर (अंबेडकर चौक) स्थित श्री सेवा समिति द्वारा इस वर्ष विराजमान किए गए अहमदनगर के ऐतिहासिक स्वरूप वाले विशाल गणपति ने पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय कर दिया है।

गणपति बप्पा के दर्शन के लिए सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। बच्चे, महिलाएँ और बुजुर्ग सभी उत्साह और आस्था के साथ बप्पा के चरणों में मत्था टेक रहे हैं। पंडाल में डिज़्नीलैंड थीम, झूले, बलून और विविध प्रकार के स्टॉल इस आयोजन को और आकर्षक बना रहे हैं।




समिति अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि यह आयोजन केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि पूरे शहर की एकता और भक्ति का प्रतीक है। उन्होंने कहा–'हमारा प्रयास है कि संस्कारधानी के लोग न सिर्फ गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करें, बल्कि इस आयोजन के माध्यम से सामाजिक सौहार्द्र और आपसी भाईचारे का संदेश भी जाए। अहमदनगर स्वरूप का चयन इसी सोच के साथ किया गया है ताकि लोग इसके ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व से जुड़ सकें।'

चौहान ने यह भी कहा कि आयोजन की सफलता शहरवासियों के सहयोग और श्रद्धालुओं के आशीर्वाद से ही संभव है। समिति की पूरी टीम ने दिन-रात मेहनत कर इस आयोजन को भव्य रूप देने का कार्य किया है। आरती, भजन संध्या और सांस्कृतिक कार्यक्रमों से वातावरण हर दिन और अधिक भक्ति से सराबोर हो रहा है। श्रद्धालुओं का कहना है कि गणपति बप्पा का यह स्वरूप पहली बार देखने को मिल रहा है और यह अवसर उनके लिए अविस्मरणीय रहेगा। समिति ने सभी धर्मप्रेमियों और नागरिकों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर इस आस्था पर्व के साक्षी बनें और गणपति बप्पा का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## नगर निगम गणेश उत्सव प्रतियोगिता हेतु आवेदन की 4 को अंतिम तिथि

राजनांदगांव (दावा)। नगर निगम द्वारा शहर की सांस्कृतिक परंपरा में अग्रणी गणेश उत्सव पर विसर्जन झांकी एवं सर्वश्रेष्ठ गणेश प्रतिमा प्रतियोगिता का आयोजन पूर्व वर्षो की परंपरानुसार किया जा रहा है। प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 4 सितम्बर गुरूवार निर्धारित की गई है। महापौर मधुसूदन यादव एवं निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने बताया कि नगर निगम द्वारा परंपरानुसार इस वर्ष भी गणेश पर्व प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता पूर्णतः निःशुल्क होगी तथा सहभागिता के लिए आवेदन जमा करने नगर निगम के अधीक्षक कार्यालय में अंतिम तिथि 4 सितम्बर गुरूवार शाम 05:00 बजे तक निर्धारित की गई है।


हेमन्त साहू 98271-56852 94241-15737
शिव बोरवेल्स एवं प्रापर्टी डिलिंग
• हर तरह की बोरिंग कार्य हेतु सम्पर्क करें।
• सभी प्रकार के सबमर्सिबल पम्प के विक्रेता।
• पाईप फिटिंग एवं सेनेटरी की सुविधा।
नंदई, कुआ चौक राजनांदगांव (छ.ग.)

दैनिक दावा
मासिक बिल
माह- अगस्त 2025

| दिन | दर | राशि |
|---|---|---|
| 29 दिन 2 दिन अवकाश | 4 /- | 116/- |
| | योग | 116 /- |

व्यवस्थापक

इंडियन नर्सिंग कौंसिल एवं छ.ग. नर्सेस रजिस्ट्रेशन कौंसिल से मान्यता प्राप्त
पं. दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्वास्थ्य विज्ञान एवंआयुष विश्वविद्यालय से सम्बद्धता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(04 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता :
बारहवीं कक्षा उत्तीर्ण बायोलॉजी विषय एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग
(02 वर्षीय पाठ्यक्रम)
प्रवेश योग्यता : जी.एन.एम.उत्तीर्ण एवं नर्सिंग प्रवेश परीक्षा 2025 में उत्तीर्ण
100% CAMPUS PLACEMENT
रस्तोगी कॉलेज ऑफ नर्सिंग
जी.ई. रोड, ग्राम – टेडेसरा
जिला– राजनांदगाँव (छ.ग.)
9300252200, 9300558500


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक कुमार बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देवबाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक कुमार बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. – 07744-406631 e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com